उज्जैन
शनिवार
24
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-350
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 हाईकोर्ट के निर्देश- हजारों तोतों के आश्रय की सुरक्षा करें

7 वैभव का आज खेलना तय, भारत-न्यूजीलैंड दूसरा मुकाबला



तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा : गब्बी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक वक्त वामिका गब्बी को लगता था कि शायद वे एक्टिंग के लिए नहीं बनी हैं। लगातार रिजेक्शन मिल रहे थे और अच्छे रोल नहीं मिल रहे थे। मुंबई में करीब 6-7 साल बिताने के बाद भी करियर उस मुकाम पर नहीं पहुंचा था, जिसका उन्होंने सपना देखा था। एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनसे कहा गया कि अपने हुनर पर काम करो, क्योंकि तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा। इसी बीच नेटफ्लिक्स की दो सीरीज- बाहुबलीः बिफोर द बिगिनिंग और मिडनाइट्स चिल्ड्रन से जुड़ने का मौका मिला, लेकिन दोनों प्रोजेक्ट पर्दे तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि, एक अधूरी सीरीज ने उनके करियर की दिशा बदल दी। विशाल भारद्वाज की वर्कशॉप ने उन्हें एक्टिंग का नया नजरिया दिया, जबकि विक्रमादित्य मोटवानी की जुबली से उन्हें हिंदी दर्शकों के बीच पहचान मिली। आज वामिका बड़े सितारों के साथ फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नजर आ रही हैं।

देश

- **बिहार** विधान परिषद की 8 सीटों पर मतदान खत्म, 27 अक्टूबर को आएंगे नतीजे, तेजस्वी का सभी सीटें जीतने का दावा
- **राजस्थान** और हरियाणा में ओले गिरे, तमिलनाडु में आंधी-तूफान जारी, बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बन सकता है, यूपी-बिहार में बारिश संभव
- **अपराधियों** और आतंकियों के नए हथियार बने ड्रोन, जेलों में ड्रग्स सप्लाई, सैन्य ठिकानों की जासूसी कर रहे, दक्षिण एशिया के 7 देशों में नेटवर्क
- **ईडी अफसर-**हेड कांस्टेबल 5 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार, लखनऊ में सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा
- **हैंडलर** ने टाइगर के शूटर्स को टीवी देखकर अपडेट किया, मैसेज कर बोला- चेहरे दिख गए हैं, निकलो, दावा- सलमान की तारीफ से नाराज था लॉरेंस गैंग

विदेश

- **ट्रम्प** ने ईरान पर फिर हमले की धमकी दी, ईरान बोला- ऐसा हुआ तो खाड़ी देशों में समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल काट देंगे
- **ट्रम्प** बोले- 250% टैरिफ की धमकी से भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई, दोनों देशों से कहा था लड़ाई नहीं रोकी तो अमेरिका से कारोबार बंद कर दूंगा
- **यूरोप** में गर्मी से इस साल रिकॉर्ड 50 हजार मौतें, 65% मौतों की वजह क्लाइमेट चेंज
- **रूसी** डीजल की पहली खेप अमेरिका रवाना, जहाज पर करीब 3 लाख बैरल डीजल लदा

व्यापार

- **जियो** 1-करोड़ एप्लिकेशन पार करने वाला दुनिया का पहला आईपीओ, 21 गुना बोलियां मिलीं, 20% से ज्यादा का रिटर्न मिल सकता है
- **सोना** 4 दिन में 4,796 और चांदी 16,503 सस्ती, 10 महीने बाद 2 लाख के नीचे आई चांदी

कार्टून..



16 अक्टूबर के एसआईआर प्रदर्शन में शांति भंग करने का आरोप, दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

नेहा बोरा को पीस बॉन्ड के 10 हजार रुपये भरने होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल आयसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। नेहा ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट की ओर से जारी उस नोटिस को चुनौती दी थी, जिसमें शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपये का निजी बांड भरने को कहा गया था। अब नेहा को पीस बॉन्ड भरना होगा। हालांकि कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि इस मामले से जुड़े सारे दस्तावेज नेहा बोरा को उपलब्ध कराए जाएं। कोर्ट ने 22 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

नेहा बोरा को 16 अक्टूबर को मंडी हाउस से कनॉट प्लेस की ओर मार्च के दौरान हिरासत में लिया गया था।



यह मार्च सीजेपी के लहरा दो तिरंगा कार्यक्रम से जुड़ा था। उन्हें अगले दिन रिहा कर दिया गया। इसके बाद 18 अक्टूबर को उन्हें विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की ओर से नोटिस मिला।

नोटिस में 10 हजार रुपये का निजी बांड भरने और शांति बनाए रखने को कहा गया । इसमें जंतर-मंतर के आसपास बार-बार प्रदर्शन होने का उल्लेख है। जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाया जा चुका है। नोटिस में आरोप लगाया गया कि नेहा बोरा ने निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद लोगों को कनॉट प्लेस जाने के लिए उकसाया।

नेहा के वकील की दलील

नेहा बोरा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत में कहा कि मंडी हाउस पहुंचने के महज 10 से 15 मिनट के भीतर उन्हें हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि उस दिन नेहा ने न तो कोई अपराध किया और न ही शांति भंग करने वाली कोई गतिविधि की। वकील ने 16 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट का हवाला दिया। इसमें शाम 5 बजे मंडी हाउस में जुटने की बात कही गई थी। पोस्ट में केवल इतना लिखा था- आज शाम 5 बजे मिलते हैं। इसमें हिंसा, सार्वजनिक शांति भंग करने या अपराध के लिए लोगों को इकट्ठा होने का कोई आह्वान नहीं था। शंकरनारायणन ने 15 अक्टूबर को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस और अगले दिन की सोशल मीडिया पोस्ट का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नेहा की गतिविधियां शांतिपूर्ण थीं।

केंद्र ने कहा- 12 बार नियमों का उल्लंघन हुआ- केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने दलील दी कि नेहा ने बार-बार नियमों का उल्लंघन किया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने 12 बार उल्लंघन होने का दावा किया। शर्मा ने कहा कि विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने उपलब्ध सामग्री पर दो बार विचार किया था। जांच अधिकारी से मिली जानकारी की पुष्टि के बाद ही नोटिस जारी किया गया।

भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

30 से ज्यादा मामले दर्ज, 2023 में इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिका में एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है।

इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया। बताया गया है कि वह इस साल जमानत पर रिहा होने के बाद अपने टखने में लगा निगरानी ट्रैकर हटाकर गिरफ्तारी से बच रहा था।



हिमांशु ने लास वेगास में बना रखा था ठिकाना

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली और हरियाणा पुलिस की कई टीमें गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की अमेरिका में तलाश कर रही थीं। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर लास वेगास में उसका ठिकाना पता लगाया गया। इसके बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसकी लोकेशन शेयर की गई, जिन्होंने गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया।

17 की उम्र में अपराध की दुनिया में कदम, 24 घंटे में 3 हत्याओं से चर्चा में आया

24 वर्षीय हिमांशु भाऊ हरियाणा के रोहतक जिले के रिटौली गांव का रहने वाला है। उसने 17 साल की उम्र में रोहतक की सब्जी मंडी इलाके में जबरन वसूली करके अपराध की दुनिया में कदम रखा। रितौली गांव के स्थानीय युवक सनी की हत्या के बाद हिमांशु भाऊ 2020 में हिसार के बाल सुधार गृह से करीब 20 लड़कों के साथ फरार हो गया था। वह जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना से मिला और व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए धमकाने लगा। बाद में उसने अपना गिरोह बना लिया। हरियाणा व दिल्ली-एनसीआर की कई आपराधिक घटनाओं में उसका नाम सामने आया। उस पर 16 हत्या और हत्या की कोशिश समेत 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

महंगाई भत्ते में 2% बढ़ोतरी की मांग भोपाल में कर्मचारियों का प्रदर्शन

10 महीने से डीए नहीं बढ़ने पर जताई नाराजगी, दीपावली से पहले केंद्र के समान भत्ता देने की मांग





ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

दीपावली से पहले महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों ने भोपाल में प्रदर्शन किया। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी मुख्य डाक भवन के सामने एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 10 महीनों से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच समय पर डीए नहीं बढ़ने का असर कर्मचारियों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत का अंतर है। कर्मचारियों के अनुसार, केंद्र में 60 प्रतिशत और प्रदेश में 58 प्रतिशत डीए दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार दीपावली से पहले 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर कर्मचारियों को केंद्र के समान राहत दे।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांग पर जल्द निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन तेज किया जाएगा। अब निगाहें राज्य सरकार के रुख पर हैं कि वह त्योहार से पहले कर्मचारियों की मांग पर क्या निर्णय लेती है।

बिहार की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सीवान

बिहार के सीवान में पटाखा बनाने के दौरान फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पटाखा फैक्ट्री मालिक अमीरुद्दीन (70) के अलावे कल्लू, असरफ (10), मुस्कान (23) और खुशबू (13) शामिल हैं।

पहले धमाके में 7 मौतों की जानकारी आई थी। पहले डीएम ने 3 मौतों की पुष्टि की, बाद में एसपी भारत सोनी ने हादसे में 5 लोगों की मौत की जानकारी दी है। एक व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका है। मृतकों की पहचान की जा रही है।

हादसा जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हुआ। धमाके से पूरा मकान गिर गया। लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुककर धमाके होते रहे।

फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद मकान में आग लग गई। करीब डेढ़ घंटे तक धमाके होते रहे। घटना की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 4 घंटे बाद दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं, सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, महाराजगंज एसडीपीओ अमन और बड़हरिया, जामो, गोरेयाकोठी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है।

भाजपा को सलाह, राहुल को गंभीरता से ले: थरूर


वे युवाओं में पापुलर, एक दिन पहले मोदी ने बिना नाम लिए फेल प्रोडक्ट कहा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को भाजपा को सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि पिछले कुछ महीनों में राहुल ने युवा मतदाताओं में पॉपुलैरिटी हासिल की है।

थरूर एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने राहुल पर ध्यान दिया है, इसलिए वह उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

एक दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी कार्यक्रम में राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा था कि पता नहीं कब तक कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के लिए देश को दांव पर लगाती रहेगी। प्रोग्राम में थरूर ने कांग्रेस से अलग विचार रखने पर भी बात की, लेकिन कहा कि वे पार्टी की नीतियों का पूरा समर्थन करते हैं।



इमरजेंसी के दौरान विपक्ष एकजुट, आज भी वही

पीएम मोदी अक्सर इमरजेंसी और उसे खत्म किए जाने की बात करते हैं। इमरजेंसी कैसे खत्म हुई थी? विपक्ष के एकजुट होने से, जिसमें फर्र और भाजपा समाजवादियों और वामपंथियों के साथ आए थे। सभी ने मिलकर इमरजेंसी लगाने वाली सरकार को हराया था। यह भारत का हालिया राजनीतिक इतिहास है, महज आधी सदी पुरानी बात है।

3 महीने में तीसरा शराब कांड, देवास में 13 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

मप्र में जहरीली व मिलावटी शराब से जान जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले तीन महीने में तीसरा शराब कांड सामने आया है। इस बार देवास जिले के दो गांवों में 20 दिन के भीतर 13 लोगों की मौत हुई है। ये मौतें चंदाना और बिंजाना में 27 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच हुईं। इनमें से 10 मृतकों के परिजनों का आरोप है कि उनके अपनों की जान जहरीली शराब पीने से गई। शराब पीने के बाद कुछ लोगों को उल्टियां हुईं, आंखों से दिखना बंद हुआ और फिर उनकी मौत हो गई। दो बीमारों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया- प्रशासन ने उनसे कहा कि इनकी मौत पानी की वजह से हुई है। जिला मुख्यालय से पांच किमी दूर चंदाना में नौ लोगों की मौत हुई, जबकि पड़ोसी बिंजाना में 4 लोगों ने दम तोड़ा। मृतकों में ज्यादातर मजदूर थे। परिजन व ग्रामीणों के मुताबिक, मृतक चंदाना के विंदू जायसवाल और विष्णु जायसवाल से शराब खरीदते थे। दोनों फरार हैं। दोनों शराब बेचने के लिए ठेकेदार की अनुमति होने की बात कहते थे। इस व्यवस्था को ह्यडायरी सिस्टमह्न बताया जा रहा है, जिसमें शराब बिक्री का हिसाब डायरी में रखा जाता है।

जरांगे को 500 करोड़ रुपये देने वाली क्लिप की जांच के आदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर विवादित ऑडियो क्लिप को लेकर तनाव बढ़ गया है। दरअसल, मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने गुरुवार को एक ऑडियो क्लिप जारी की, जिसमें एक महिला कह रही है कि शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे के जरिए जरांगे को 500 करोड़ रुपए दिए गए।

इसके सामने आने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को ऑडियो क्लिप की फॉरेंसिक जांच के आदेश दिए। फडणवीस ने कहा कि क्लिप की पूरी जांच कर सच्चाई सामने लाई जाएगी। इसी मामले में शिवसेना नेता रामदास कदम ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के कुछ लोग जरांगे के साथ मिलकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को राजनीतिक रूप से खत्म करने की साजिश कर रहे हैं।

दावा- मराठा आरक्षण आंदोलन रोकने के लिए थे, एक्टिविस्ट जरांगे 11 बार भूख हड़ताल कर चुके

कई सवालों के जवाब जरूरी

फडणवीस ने नागपुर ग्रेजुएट्स सीट के महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में वोट डालने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे जांच की मांग की थी। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ऑडियो में सामने आए बीजेपी नेताओं के नामों पर भी सवाल उठाए हैं। फडणवीस ने कहा कि बीजेपी ने भी जांच की मांग की है। फडणवीस ने कहा कि जरांगे ने खुद ऑडियो की जांच की मांग की है। इसलिए इस मामले की फोरेंसिक तरीके से पूरी जांच होगी और जो भी सच्चाई है, वह सामने आएगी। जरांगे ने गुरुवार को जालना में यह ऑडियो क्लिप जारी की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें चुप कराने और मराठा आंदोलन को कमजोर करने की साजिश रची गई है।



महाकाल श्रृंगार



रजत मुकुट-त्रिपुंड और रुद्राक्ष की माला से सजे बाबा महाकाल

अपनेतक

विकास के दावों के बीच घोटालों से घिरे नगरीय निकाय

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में सामने आ रहे कथित घोटाले अब केवल प्रदेश की राजनीति या प्रशासन तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं। जिन नगर निगमों और नगर पालिकाओं पर शहरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगें तो यह व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

सवाल सिर्फ भ्रष्टाचार के आरोपों का नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है, जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई से जमा होने वाला सरकारी धन विकास के नाम पर खर्च किया जाता है। सड़कें बनती हैं, नालियां बनती हैं, सफाई के ठेके दिए जाते हैं, निर्माण कार्यों के लिए बजट स्वीकृत होता है और योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने के दावे किए जाते हैं। लेकिन जब इन्हीं कामों की गुणवत्ता, लागत, टेंडर प्रक्रिया और भुगतान पर सवाल खड़े होते हैं, तब विकास के दावों की वास्तविकता जांचने की जरूरत महसूस होती है।

विडंबना यह है कि स्थानीय निकायों में होने वाली गड़बड़ियों का खामियाजा सबसे ज्यादा आम नागरिक भुगतता है। कहीं सड़कें बनने के कुछ समय बाद उखड़ने लगती हैं, कहीं जल निकासी की समस्या बनी रहती है, तो कहीं सफाई और बुनियादी सुविधाओं के लिए नागरिकों को परेशान होना पड़ता है। ऐसे में यदि सरकारी खजाने में सेंध लगाने के आरोप सामने आते हैं, तो यह केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं रह जाता, बल्कि जनता के भरोसे से जुड़ा प्रश्न बन जाता है।

सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या टेंडर स्वीकृत करने वाले अधिकारियों, काम की गुणवत्ता की निगरानी करने वालों और भुगतान मंजूर करने वाले जिम्मेदार लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच होती है? क्या जांच पूरी होने तक केवल छोटे कर्मचारियों तक कार्रवाई सीमित रहती है, या निर्णय लेने वाले बड़े अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण की संभावित भूमिका भी जांच के दायरे में आती है? और यदि गड़बड़ी प्रमाणित होती है, तो सरकारी धन की वसूली तथा दोषियों को दंडित करने के लिए कितनी गंभीरता दिखाई जाती है?

यह भी जरूरी है कि हर आरोप को जांच से पहले अपराध घोषित न किया जाए। लेकिन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जांच में देरी करना या कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल देना भी उचित नहीं है। पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया, स्वतंत्र ऑडिट, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच और खर्च का सार्वजनिक ब्योरा ही ऐसी अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगा सकते हैं।

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों के सामने अब दो रास्ते हैं–या तो वे अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाकर जनता का विश्वास बहाल करें, या फिर घोटालों और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच अपनी साख खोते रहें। क्योंकि शहरों का विकास केवल बजट खर्च कर देने से नहीं होता। विकास तब होता है, जब सरकारी धन का एक-एक रुपया जनता की सुविधा में दिखाई दे और उसकी बबार्दी या दुरुपयोग करने वालों को जवाब देना पड़े।

पांडुलिपियां भारत की अमूल्य धरोहर, इसके संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

उज्जैन। सिंधिया प्राच्यविद्या शोध प्रतिष्ठान में ज्ञान भारतम मिशन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में पांडुलिपि के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन संभाग के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्राचीन विरासत के संरक्षण का महत्व जाना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री नारायण व्यास ने विद्यार्थियों को पांडुलिपियों के अर्थ और उनके महत्व को विस्तार से समझाया। संस्थान के निदेशक प्रो. शीतांशु रथ ने पांडुलिपियों को भारत की अमूल्य धरोहर बताते हुए संस्था के इतिहास की जानकारी दी। पुरातत्वविद डॉ. रमण सोलंकी ने प्राचीन विरासत के रूप में पांडुलिपियों के महत्व को स्पष्ट किया।

विशेषः योगेश्वर की महारास की पूर्णिमा : शरद पूर्णिमा







ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म मे अश्विन मास की पूर्णिमा का बहुत महत्व है। इसी पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस रात का चन्द्रमा भी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है जो विशेष ऊर्जा प्रदान करता है। चन्द्रमा की रश्मियों मे एक विशेष प्रकार की शीतलता होती है। अश्विन मास की पूर्णिमा सभी सनातनी लोगों के लिए बहुत महत्व रखती है।

धार्मिक मान्यता है कि इस पूर्णिमा पर रात्रि जागरण करके माता लक्ष्मी व विष्णुजी की उपासना करना चाहिए क्योंकि इस रात्री धन व वैभव की देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार कोजागरी पूर्णिमा के दिन ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी का उद्भव हुआ था इसलिए इस रात्रि मां का जन्मोत्सव ईश्वर स्मरण, भजन व कीर्तन द्वारा किया जाता है। कोजागरी का शाब्दिक अर्थ है रात भर जागना। धर्मनिष्ठ लोग रतजगा करते हैं और विधिपूर्वक मां लक्ष्मी व लक्ष्मीनारायण की उपासना करते हैं।

कोजागरी पूनम की पूजा विधि

सर्वप्रथम एक स्वच्छ चौकी या बाजोट पर सफेद वस्त्र बिछाकर कलश स्थापना करना चाहिए। कलश मे शुद्ध जल जिसमे दो बूंद गंगाजल हो रखना चाहिए। कलश के मुख पर आम के पत्ते सजाना चाहिए। कलश के आगे एक सिक्का, चावल, मखाने, बताशे व मावे की सफेद बर्फी नेवैद्य के रूप मे रखना चाहिए क्योंकि माता लक्ष्मी को सफेद वस्तु पसंद हैं। रोली कुंकूम चावल से विधिपूर्वक पूजन करें फिर एक स्फटिक माला पर ॐ लक्ष्मैय नमः का जाप करना चाहिए। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि शरद पूनम पर जिस घर मे माता लक्ष्मी का स्मरण होता है ,पृथ्वी पर भ्रमण करते हुए लक्ष्मी उस घर मे वास करती हैं।

शरद पूर्णिमा की रात्रि महारास

पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार शरद पूर्णिमा सबसे अधिक महत्व की इसलिए मानी जाती है क्योंकि इसी पावन रात्रि मे वृन्दावन के वंशीवट पर योगेश्वर कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ गोपियों के साथ महारास किया था। योगेश्वर ने अपने योगबल से पृथक पृथक सुन्दर रूप धारण कर प्रत्येक गोपी के साथ नृत्य कर उसे प्रसन्न किया था। श्रीकृष्ण के दिव्य सुन्दर रूप को देखने की लालसा से भोलेनाथ भी गोपी का रूप रखकर इस रास मे सम्मिलित हुए थे। महारास की रात चन्द्रदेव भी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहते हैं।

ऋग्वेद के अनुसार सोलह कलाएं

1.इक्षण 2 प्राण 3 श्रद्धा 4 आकाश 5 वायु 6 अग्नि 7 जल 8 पृथ्वी 9 इन्द्रिय 10 मन 11 अन्न 12 वीर्य 13 तप 14 मंत्र 15 कर्म 16 नाम इत्यादि।

शरद पूर्णिमा पर खीर का महत्व

शरद पूर्णिमा से वातावरण मे शीतलता का मंद मंद उद्भव होता है और चन्द्रमा की रश्मि से ऊर्जा का संचरण पृथ्वी पर होता है जो विशेष लाभकारी होती है। रात के समय खुले स्थान पर गोदुग्ध व चावल से बनी खीर चन्द्रमा की रोशनी मे रखने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि चांद के संसर्ग मे रहने से खीर औषधीय गुणों से पूर्ण मानी जाती है जो सेवन करने पर शरीर को स्वस्थ रखती है। चन्द्रमा की शीतलता ही आंखो के लिए भी गुणकारी मानी गई है। इस रात्रि चांद की रोशनी मे सुई के अंदर धागा पिरोने की भी परिपाटी है। मंदिरों, संत आश्रमों मे इस दिन दमा पीडित लोगों को औषधीय खीर वितरित की जाती है। उज्जैन के गढकालिक क्षेत्र स्थित पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि पर इसी रात शरदोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस प्रकार मौसम मे घुली गुलाबी ठंडक का जश्न शरद पूर्णिमा पर मनाकर हम शीतऋतु का स्वागत गर्मजोशी से करते हैं।

बगैर विकल्प के प्रश्न होने से कमजोर विद्यार्थी के साथ तो अन्याय होगा

शिक्षा मंडल द्वारा लघुउत्तरीय प्रश्नों से विकल्प हटाना विद्यार्थियों के साथ ज्यादती

परीक्षा मे दो नम्बर वाले लघुउत्तरीय प्रश्नों मे इस वर्ष से विकल्प नहीं दिए जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ,भोपाल द्वारा बार बार परीक्षा प्रणाली मे प्रयोग किए जाने से विद्यार्थियों के साथ ज्यादती ही हो रही है। इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा मे एकाएक परिवर्तन की घोषणा मध्य अक्टूबर माह मे की गई जबकि बोर्ड फरवरी माह मे मुख्य परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। बीच सत्र मे बोर्ड ने घोषणा कर दी कि परीक्षा मे दो नम्बर वाले लघुउत्तरीय प्रश्नों मे इस वर्ष से विकल्प नहीं दिए जाएंगे मतलब अब विद्यार्थी के पास किसी तरह की च्वाइस इन प्रश्नों को हल करते समय नहीं होगी। इस तरह के फरमान ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की नींद ही उडा दी। स्टेट बोर्ड परीक्षा मे मात्र चार माह का समय ही बचा है ऐसे मे गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान जैसे जटिल विषयों का विस्तृत अध्ययन संभव ही नहीं है। बगैर विकल्प के प्रश्न होने से कमजोर विद्यार्थी के साथ तो अन्याय होगा ही साथ ही अच्छे प्रतिशत लाने वाले मेधावी छात्रों के अंक भी प्रभावित होंगे। इस संबंध मे दैनिक अवंतिका ने शहर के कुछ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से चर्चा की और निष्कर्ष यही निकला कि बोर्ड के यकायक इस फैसले से परीक्षा परिणाम बहुत ज्यादा प्रभावित होंगे।

सीधे तौर पर नुकसान

परीक्षा प्रश्न पत्र मे विकल्प न देने की स्थिति का खामियाजा छात्र को ही उठाना पडेगा। गणित जैसे जटिल विषय मे हरेक यूनिट काफी विस्तृत है और प्रत्येक यूनिट का गहन अध्ययन इतने कम समय मे संभव ही नहीं है। ऐसे मे विकल्प न होने पर छात्र के सिर्फ एक ही प्रश्न को हल न कर पाने पर सीधे दो अंक का नुकसान हो जाएगा।

जी एल परमार, संचालक
कोंचिग क्लास ,उज्जैन।

विद्यार्थियों के हित को ध्यान मे रखते हुए स्टेट बोर्ड को इस पर एक बार पुनर्विचार अवश्य करना चाहिए क्योंकि लघुउत्तरीय प्रश्नों की बदौलत ही विद्यार्थियों की परीक्षा रूपी बैतरणी पार होती रही ऐसे मे बीच सत्र मे विकल्प हटाने और प्रश्न को अनिवार्य कर देने से छात्र छात्राओ का अहित ही होगा।

विकल्प होने से उत्तीर्ण होना आसान था



स्टेट बोर्ड ने बीच सत्र मे ऐसी घोषणा करके छात्र छात्राओ की नींद उड़ा दी है। विद्यार्थी ऐसी कठिन परीक्षा के लिए मानसिक तौर पर,तैयार ही नहीं हैं। सामाजिक अध्ययन जैसे विषय जिसमे भूगोल , इतिहास , अर्थशास्त्र व नागरिकशास्त्र सभी का समावेश होने से कोर्स बहुत ज्यादा है ऐसे में विकल्प न होने पर बहुत गहन व विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता है किन्तु अब समय बहुत कम बचा है। ग्रामीण क्षेत्रों मे संसाधनों की कमी के चलते कमजोर विद्यार्थियों के लिए उत्तीर्ण होना ही मुश्किल रहेगा। निश्चित ही विद्यार्थियों का रिजल्ट प्रभावित होने की आशंका है।

निरंजनकुमार बैलिया, शिक्षक
माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय,
शास्त्रीनगर।

पूरी तरह विकल्प नहीं हटाना था



स्टेट बोर्ड को कम से कम इस वर्ष तो ऐसा नवीन प्रयोग नहीं करना था। परिवर्तन करना ही यदि जरूरी रहा हो तो लघुउत्तरीय प्रश्नों मे से कुछ प्रश्नो मे विकल्प रखना था और कुछ प्रश्नो से विकल्प हटा देना था। विज्ञान मे दो दो अंक के कुल 12 प्रश्न होते हैं। पूर्व मे पूरे 12 ही प्रश्नो मे विकल्प होते थे जिससे विद्यार्थी अच्छे अंक स्कोर कर लेते थे। बोर्ड को पुनर्विचार करते हुए बारह मे से छः प्रश्नो में आंतरिक विकल्प देना चाहिए और छः प्रश्न अनिवार्य रूप से हल करने की स्कीम रखना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के हित प्रभावित न हों।

श्रीमती अद्वैता ललित श्रीवास्तव,
विज्ञान शिक्षिका, सराफा
कन्या उ मा विद्यालय।

बोर्ड को सत्र से पूर्व आगाह करना था



नवीन प्रश्नपत्र स्कीम यदि लागू भी करना थी तो स्टेट बोर्ड को सत्र शुरू होने से पहले ही प्रश्न पत्र से विकल्प हटाने की जानकारी देना चाहिए थी। इस तरह के प्रयोग से छात्रों का रिजल्ट बिगड़ने का अंदेशा है। ये दो अंक के प्रश्न से ही विद्यार्थी अच्छे अंक स्कोर कर पाते थे क्योंकि छोटे उत्तर होने पर ये आसानी से याद करके विद्यार्थी कापी मे लिख देते थे। विकल्प न होने की दशा मे उत्तर न दे पाने पर सीधे दो अंक प्रति प्रश्न का नुकसान होगा।

डॉ फरहीन सैयद, वरिष्ठ शिक्षक
सराफा कन्या उ मा विद्यालय।

छोटे विद्यार्थी से इतनी अधिक उम्मीद



हाई स्कूल मे विद्यार्थी कम आयुवर्ग का होता है। परीक्षा प्रणाली को आसान बनाकर विद्यार्थी का बौद्धिक आंकलन करना ही शिक्षा की उपयोगिता है। ऐसे मे यदि स्टेट बोर्ड लघुउत्तरीय प्रश्नों से विकल्प समाप्त कर रहा है तो ये विद्यार्थियों के साथ अन्याय है।

शैलेन्द्रसिंह शक्तावत,
शिक्षाविद व समाजसेवी।

शरदोत्सव पर पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि पर होगा खीर वितरण कार्यक्रम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवनाथों मे प्रमुख पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि गढकालिका क्षेत्र मे है। शरद पूर्णिमा के अवसर पर इस दिव्य स्थान पर धार्मिक मेले का आयोजन होता है। परंपरानुसार पीपलीनाका क्षेत्र से धूमधाम के साथ फूलों से सुशोभित चादर चल समारोह के रूप मे श्रद्धालु लेकर पीरजी के पावन स्थल पहुंचते हैं और श्रद्धा के साथ विध विधान से समाधि पर चादर अर्पित की जाती है।

सुन्दरकांड पाठ व भजन संध्या

रविवार से शुरू होनेवाले शरदोत्सव के अन्तर्गत प्रथम दिवस भक्तिमय उल्लास के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। धूप दीप से पूजन संपन्न होगी। सोमवार की शाम भजनों से भावांजलि अर्पित की जाएगी। शाम को पीपलीनाका चौराहे से पावन चादर ,धूमधाम के साथ पीर मत्येन्द्रनाथ की समाधि तक ले जाई जाएगी। रात 11 बजे से खीर वितरण होगी।

शरद उत्सव में गूंजेंगे शास्त्रीय संगीत और भजन, चंद्र देवता को लगेगा दूध का भोग

महाराष्ट्र समाज द्वारा 24 अक्टूबर को शरद उत्सव मनाया जाएगा। इसमें पुणे और मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार अपनी सांगीतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के अंत में चंद्र देवता को दूध का भोग लगाकर दुग्ध महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक वसंत आपटे ने बताया कि शरद उत्सव में पुणे के प्रसिद्ध गायक अथर्व वैरागकर और मुंबई की संगीतज्ञ रागिनी देवळे द्वारा शास्त्रीय, नाट्य संगीत और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर हाल ही में संपन्न हुए श्री गणेश उत्सव 2026 की समिति का भी स्वागत व सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव विश्वास करांडकर और कार्यकारिणी ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

परमात्मा के अहसास से आती है वास्तविक जागृति, जाति-पाति से ऊपर उठकर प्रेम करना ही सच्ची मानवता

79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आगाज, सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वास्तविक जागृति तभी आती है, जब मनुष्य हर पल परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए आध्यात्मिकता को अपने जीवन में धारण करता है। यह विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने समालखा में आयोजित 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के प्रथम दिन 'मानवता के नाम संदेश' कार्यक्रम में व्यक्त किए।

23 से 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय समागम का शुभारंभ माता सुदीक्षा जी और निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में हुआ, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं।

सतगुरु माता जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, परिवार, समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए एक जागरूक वैश्विक नागरिक बनना चाहिए। जाति-पाति, भाषा, क्षेत्र और स्वभाव के अंतर से ऊपर उठकर हर इंसान को प्रेम, सम्मान और अपनत्व के भाव से स्वीकार करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आध्यात्मिक जागृति केवल विचारों या दिखावे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे व्यवहार और सामाजिक कर्तव्यों में भी झलकनी चाहिए। परिस्थितियां कैसी भी हों, परमात्मा की रजा को स्वीकार करते हुए प्रत्येक पल को प्रसन्नता, संतोष और कृतज्ञता के साथ जीना ही सच्ची आध्यात्मिकता है।

समागम स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी और राजपिता रमित जी को पुष्पों से सजी खुली पालकी में मुख्य मंच तक लाया गया। इस दौरान निरंकारी इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे पूर्व संत निरंकारी मंडल के जनरल सेक्रेटरी सुखदेव सिंह और प्रधान राजकुमारी ने माता जी का स्वागत किया। वहीं, राजपिता जी का अभिनंदन एसएल गर्ग और एचएस चावला ने किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया गया। इसमें देशभर से आए मीडियाकर्मियों को समागम की आध्यात्मिक विचारधारा, उद्देश्यों और जनकल्याणकारी संदेश की विस्तृत जानकारी दी गई। समागम में विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषाओं के लोग सभी भेदभाव भूलकर मानव-एकता और विश्वबंधुत्व के सूत्र में बंधे नजर आए।

बीच सडक पर गो- पालन, राहगीर बेबस

नगरनिगम गैंग की उदासीनता के चलते राहगीर परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री के शहर मे चल रहे चौड़ीकरण व विकास कार्य सराहनीय हैं पर इसकी एक बडी कीमत भी स्थानीय रहवासियों को चुकाना पड रही है। चारों तरफ धूल के बवंडर और नीचे खुदी हुई उबड खाबड सडक पर जब रहवासी हिचकोले खाते हुए चलते हैं तो भगवान याद आ जाते हैं। ईश्वर से सुरक्षित घर पहुंचा देने की कामना लोगों की नियति मे शुमार हो चुका है।

सीवरेज पाइप लाइन डालने से लगभग सभी रोड उखड़ी हुई हैं। कालोनियों की अंदरूनी सडकें तो वैसे ही संकरी हैं ऊपर से कुछ लोग घर के बाहर बागवानी के नाम पर, देवस्थान के नाम पर भी अतिक्रमण किए हुए हैं। कुछ लोग बडी बडी कार व चौपहिया वाहन रोड पर खडे रखकर अपने रसूख का दंभ भरने मे भी पीछे नहीं हैं परिणामस्वरूप आमजन को आवाजाही मे काफी परेशानी उठाना पड रही है। अपने इगो और अकड़ के चलते कुछ लोग दूसरों की सुविधाओं का गला घोंटने मे पीछे नहीं हैं। वार्ड क्रमांक 37 विवेकानंद कालोनी की पहली पट्टी के कोने पर तेजाजी मंदिर के बाहर ढेर सारी गाय मुख्य सडक पर ही प्रतिदिन



बंधी रहती हैं। यहीं पर वर्तमान मे सीवरेज का काम चल रहा है और मलबे के ढेर व गड्ढे हो रहे हैं। इसके चलते राहगीर गड्ढों से बचते हुए किनारे से चलने की कोशिश कर रहे हैं किन्तु सडक की एक ओर गाय बंधी होने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लगातार दुर्घटनाओ के बावजूद मवेशी पालक अपने दंभ मे चूर होकर बेखौफ अपने मवेशी सडक पर ही बांध रहा है। इस बाबत जब आसपास के रहवासी कुछ बोलते हैं तो नंगे के नौ ग्रह बलवान वाली कहावत को सिद्ध करते हुए मवेशी पालक दादागिरी करते हुए विवाद करने लगता है। रहवासियों ने बताया कि मवेशीपालक बिजली के खंबे से भी गाय बांधता है जिससे एक खंबा पूरा तिरछा होकर झूल रहा है। आस पास गोबर होने से मक्खी मच्छर से पूरा मोहल्ला त्रस्त है। आश्चर्य का विषय है कि सभी को गोवंश सडक पर बंधे दिख रहे हैं बस नगरनिगम के कर्मचारियों की आंखों पर शायद पट्टी बंधी है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पशु पकडनेवाली गैंग मे बहुत सारे कर्मचारी व आधुनिक वाहन है बावजूद इसके गैंग कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं कर रही है जिसका खामियाजा आमजन को उठाना पड रहा है।

खौफजदा रहवासी शिकायत से बच रहे

तेजाजी मंदिर मेरे वार्ड का ही हिस्सा है। सडक पर मवेशी बंधे होने से आसपास वालों को परेशानी हो रही है किन्तु वे एकजुट होकर शिकायती आवेदन देने से परहेज कर रहे हैं। इस संबंध मे बहुत बार बोल चुका हूं। पहले एक दो बार नगरनिगम गैंग से मवेशी हटवा भी चुका हूं। लोग लिखित मे आवेदन दें तो कार्यवाही के लिए प्रयास करूंगा।

सुरेन्द्र मेहर,
पार्षद वार्ड - 37

पुष्पा मिशन की दीवार हटाई

उज्जैन। देवासरोड से इंदौर रोड को सीधे जोडनेवाली रोड चौड़ीकरण के चलते कल रात सेन्ट मेरी स्कूल व पुष्पा मिशन अस्पताल की बाउंड्रीवाल नगरनिगम अमले द्वारा हटाई गई। स्कूल व अस्पताल को देखते हुए दीवार ध्वस्त करने का काम रात मे किया गया।

उज्जैन
शनिवार
24
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्।।

अर्थः एक क्षण भी गँवाए बिना ज्ञान चाहिए और एक-एक कण को बचाकर धन इकट्ठा करना चाहिए। क्षण को खो देने वाले को ज्ञान कहाँ और कण को क्षुद्र समझने वाले के लिए धन कहाँ है?

खबर एक नजर...

इंदौर में आयोजनों की परमिशन होगी आसान

इंदौर। शहर में होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और बड़े सार्वजनिक आयोजनों की परमिशन प्रोसेस को आसान और व्यवस्थित बनाने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पहल की है। उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को लेटर लिखकर इंदौर में सार्वजनिक आयोजनों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम लागू करने का सुझाव दिया है। इस व्यवस्था के तहत आयोजकों को पुलिस, नगर निगम, फायर, पुलिस सहित विभिन्न विभागों की परमिशन समन्वित प्रक्रिया के माध्यम से मिल सकेंगी। महापौर ने लेटर में कहा है कि इंदौर ने स्वच्छता, लोगों की सहभागिता और शहरी प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। शहर में धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और अन्य सार्वजनिक आयोजन भी बड़ी संख्या में होते हैं। ऐसे आयोजन शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन कई बार इनके दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और विभागीय समन्वय से जुड़ी समस्याएं सामने आती हैं। इनसे बचने के लिए परमिशन प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना जरूरी है। महापौर ने सुझाव दिया है कि सार्वजनिक आयोजनों की परमिशन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जो संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करे। इससे आयोजकों को अलग-अलग विभागों में आवेदन करने और परमिशन के लिए बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से राहत मिल सकती है। इसके साथ ही सभी परमिशन्स के लिए समय-सीमा निर्धारित करने और आवेदन की स्थिति की जानकारी देने वाली साझा व्यवस्था बनाने का भी सुझाव दिया गया है।

वॉटर पार्क संचालक से 8.59 लाख की ठगी

इंदौर। फेसबुक पर शेयर मार्केट का विज्ञापन देखकर वॉटर पार्क संचालक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। आरोपियों ने उन्हें पहले 10 से 20% तक मुनाफा दिखाया और फिर ट्रेडिंग के नाम पर 8.59 लाख जमा करा लिए। इसके बाद खाते में 29 लाख का फर्जी मुनाफा दिखाया गया। आरोपियों ने आईपीओ में शेयर दिलाने के नाम पर उनसे 18 लाख रुपए और मांगे। हीरा नगर पुलिस ने रितेश कुमार निमाड़े की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रितेश कुमार निमाड़े वॉटर पार्क का संचालन करते हैं। उन्होंने 12 अगस्त को फेसबुक पर स्टॉक मार्केट से जुड़ा एक विज्ञापन देखा था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप क्लींब हायर - 993 से जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में इछरळ के टिप्स और कॉल दिए जाने लगे। शुरूआत में उन्हें 10 से 20% तक मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद उनसे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मांगे गए। एप्लीकेशन के सत्यापन के लिए वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल की गई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम वंशिका बताया। उसने फॉर्म और जानकारी की पुष्टि करने के बाद दो दिन में अकाउंट चालू करने का आश्वासन दिया।

स्कूटी के विवाद में कर्मचारी का सिर फोड़ा, पीथमपुर में अस्पताल में हुई मौत

पीथमपुर। स्काई नेचुरल रबर कंपनी के स्टाफ क्वार्टर में स्कूटी विवाद को लेकर कर्मचारी मनीष की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मुन्ना कुमार को हिरासत में ले लिया है। बुधवार की रात कंपनी की स्कूटी के इस्तेमाल को लेकर मुन्ना और मनीष के बीच मामूली विवाद हुआ था। इसी दौरान आरोपी मुन्ना ने पत्थर की फर्शी से मनीष के सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल मनीष को इलाज के बाद कमरे में छोड़ा गया था। अगले दिन गुरुवार की सुबह उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस आरोपी मुन्ना से लगातार पूछताछ कर रही है। थाना पीथमपुर पुलिस ने अपराध क्रमांक 504/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य सहयोगियों की भूमिका और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

सरकारी डेंटल कॉलेज में जंग लगे औजारों से इलाज

इंदौर। प्रदेश के एकमात्र शासकीय डेंटल कॉलेज में मरीजों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। डेंटल मिरर और दूसरे औजारों पर जंग दिखाई देने की बात सामने आई है। कॉलेज की ओपीडी में रोजाना 500 से ज्यादा मरीजों के इलाज में जंग लगे डेंटल मिरर और अन्य औजारों का उपयोग किया जा रहा है। दांतों की सफाई, फिलिंग और अन्य प्रक्रियाओं में इस्तेमाल होने वाले दूषित डेंटल इंस्ट्रूमेंट्स से मरीजों में गंभीर संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इलाज कराने पहुंची शबाना बी ने बताया कि उनके उपचार में भी ऐसे उपकरण इस्तेमाल किए गए। पाटनीपुरा से आई एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि उन्हें सही इलाज चाहिए। मरीजों का कहना है कि उपकरणों की जांच करना डॉक्टरों और संबंधित प्रबंधन की जिम्मेदारी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जंग लगे या खराब उपकरणों की जांच कर उन्हें इस्तेमाल से हटाना और बदलना चाहिए। साथ ही, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्टरलाइज किए गए हों।

इंदौर में पक्षी विशेषज्ञों की निगरानी में मेट्रो स्टेशन के लिए कटेंगे पेड़, हर साल देनी होगी रिपोर्ट

हाईकोर्ट के निर्देश- हजारों तोतों के आश्रय की सुरक्षा करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में रानी सराय स्थित एसपी कार्यालय परिसर में भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई के मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पक्षियों के संरक्षण को लेकर कई निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने शुक्रवार को कहा है कि पेड़ों को मनमाने तरीके से या एक साथ नहीं काटा जाएगा। कटाई और शाखाओं की छंटाई कम से कम दो पक्षी विशेषज्ञों की सलाह और निगरानी में चरणबद्ध तरीके से करनी होगी। साथ ही, परियोजना से जुड़े पक्षों को 2500 पौधे लगाने और उनके रखरखाव की जानकारी हर साल कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई ने 22 अक्टूबर 2026 को जनहित याचिका (प्रियांशु जैन विरुद्ध भारत संघ एवं अन्य) के मामले में यह आदेश दिया। याचिका में आशंका जताई गई थी कि रानी सराय परिसर में 182 पेड़ों की कटाई से हजारों पक्षियों, खासकर तोतों के प्राकृतिक आश्रय पर असर पड़ेगा।

2500 पौधे लगाने होंगे, हर साल अप्रैल में रिपोर्ट- मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े पक्षों ने 2500 पेड़ लगाने का आश्वासन दिया था। हाईकोर्ट ने इसका पालन सुनिश्चित करने को कहा है। कोर्ट के निर्देशानुसार आसपास पर्याप्त जगह उपलब्ध होने पर उसी तरह की प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं, ताकि पक्षियों को भविष्य में दोबारा आश्रय मिल सके। पेड़ लगाने के संबंध में एक वर्ष के भीतर हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इसके बाद लगाए गए पेड़ों के रखरखाव और उनकी स्थिति की जानकारी हर साल अप्रैल में रिपोर्ट तथा गूगल इमेज के साथ अदालत में पेश करनी होगी।



घोंसलों, अंडों और छोटे पक्षियों की सुरक्षा जरूरी

हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि पेड़ों की कटाई या शाखाओं की छंटाई इस तरह की जाए कि पक्षियों को आसपास के दूसरे पेड़ों पर जाने का समय मिल सके। इस दौरान घोंसलों, अंडों और उनमें मौजूद छोटे पक्षियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। कोर्ट ने मौके पर वन्यजीव बचाव दल को जाल और चिकित्सा किट के साथ मौजूद रखने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि घायल पक्षियों या घोंसलों से गिरने वाले बच्चों को जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद मिल सके।

लालबाग पैलेस में 155 पेड़ काटने पर रोक

उधर, ऐतिहासिक लालबाग पैलेस परिसर में पार्किंग और बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 155 पेड़ों की कटाई के आदेश पर हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य शासन और नगर निगम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस ए. वाय. कोगजे और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने शुक्रवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

निरीक्षण में पेड़ों पर दिखे थे हजारों पक्षी- आदेश में उल्लेख है कि 29 सितंबर 2026 को न्यायाधीशों ने पक्षकारों और उनके वकीलों के साथ रानी सराय परिसर का निरीक्षण किया था। इस दौरान पेड़ों पर हजारों पक्षी दिखाई दिए थे, जिनमें अधिकांश तोते थे। कोर्ट ने माना कि पेड़ों की कटाई से पक्षियों के विश्राम और आश्रय स्थल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। हालांकि बेंच ने मेट्रो स्टेशन का स्थान बदलने की मांग स्वीकार नहीं की। पूर्व में मेट्रो मार्ग को लेकर पारित न्यायिक आदेश को ध्यान में रखते हुए अदालत ने इस मामले में प्रस्तावित स्टेशन के स्थान में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही पक्षियों की सुरक्षा और पौधरोपण को लेकर निर्देश जारी किए।

पर्यावरणविद् भालचंद्र मोंढे सुझाएंगे विशेषज्ञों के नाम- कोर्ट ने पद्मश्री से सम्मानित पर्यावरणविद् भालचंद्र मोंढे को पक्षी विशेषज्ञों के नाम सुझाने की अनुमति दी है। ये विशेषज्ञ पेड़ों की छंटाई और पक्षियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के संबंध में अधिकारियों को सलाह दे सकेंगे। प्रत्येक विशेषज्ञ को उनकी सेवाओं के लिए 10 हजार रुपए पारिश्रमिक दिया जाएगा। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट लवेश सरस्वत और शिवेंद्र सिंह परिहार उपस्थित हुए। इंटरविनर की ओर से अधिवक्ता अभिनव पी. धनोडकर ने पैरवी की। राज्य शासन की ओर से सरकारी वकील प्रद्युम्न किबे, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से एजवोकेट अमोल श्रीवास्तव और नगर निगम की ओर से एडवोकेट कामाक्षी सिंह उपस्थित हुईं।

2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुएः हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा

सितंबर में चुनाव कराने के लिए क्या किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं होने का मामला हा ईकोर्ट पहुंच गया है। जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस आलोकश कोगजे और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग से पूछा है कि सितंबर 2026 में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए पूर्व में दिए गए आदेश के पालन में अब तक क्या कार्रवाई की गई। मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

एडवोकेट आदिश टोंग्या की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। इसके चलते कई विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी हो गई, लेकिन उन्हें अपने संस्थानों में छात्र प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं मिला।



याचिका में उच्च शिक्षा विभाग के 20 जुलाई 2026 के परिपत्र का हवाला दिया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, इसमें सितंबर 2026 में छात्रसंघ चुनाव कराने और पूरी प्रक्रिया 10 कार्यदिवसों में संपन्न करने का कार्यक्रम तय किया गया था। इसके बावजूद चुनाव नहीं होने पर याचिका में सरकारी कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर सवाल उठाया गया है।

3 अगस्त के आदेश का भी दिया हवाला- याचिका में हाईकोर्ट के 3 अगस्त 2026 के रिट याचिका में पारित आदेश का उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक उस सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अकादमिक कैलेंडर में छात्रसंघ चुनाव का प्रावधान शामिल किया जाएगा। बाद में कोर्ट के सामने पेश कैलेंडर में सितंबर 2026 को चुनाव के लिए निर्धारित किया गया था। वर्तमान याचिका में इसी आदेश और घोषित कार्यक्रम के पालन का मुद्दा उठाया गया है। कोर्ट ने अब विभाग से इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है।

सरकार के जवाब पर नजर- हाई कोर्ट के नोटिस के बाद अब राज्य सरकार को यह बताना होगा कि सितंबर 2026 के लिए निर्धारित चुनाव कार्यक्रम पर क्या कार्रवाई की गई और चुनाव नहीं होने के क्या कारण रहे। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अभिनव पी. धनोडकर उपस्थित हुए। मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार चुनाव कराने की मांग

याचिकाकर्ता ने छात्रसंघ चुनाव के लिए लिंगदोह समिति की सिफारिशों का पालन कराने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि छात्रसंघ विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने, शैक्षणिक संस्थानों में अपनी समस्याएं उठाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर देते हैं। इसके समर्थन में यूनिवर्सिटी ऑफ केरल विरुद्ध काउंसिंग ऑफ प्रिंसिपल्स ऑफ कॉलेजेस केरला एंड अन्य मामले का भी हवाला दिया गया है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 19(1)(), 19(1)() और 19(1)() का उल्लेख करते हुए छात्रसंघ चुनावों को विद्यार्थियों की लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा विषय बताया गया है। याचिकाकर्ता ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में चुनाव कराने तथा भविष्य में नियमित चुनाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की है।

ठेले हटाने पहुंची निगम टीम से विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नेमावर रोड के पालदा क्षेत्र में ठेले हटाने पहुंची नगर निगम की रिमूवल टीम और स्थानीय लोगों के बीच शुक्रवार को विवाद हो गया। कार्रवाई का विरोध करते हुए पार्षद कुणाल सोलंकी ठेले वालों और रहवासियों के साथ नगर निगम की गाड़ी के सामने बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। घटना के बाद मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई।

कार्रवाई के दौरान पार्षद कुणाल सोलंकी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ठेले वालों और स्थानीय निवासियों के साथ निगम की गाड़ी के सामने बैठकर विरोध जताया।

पार्षद कुणाल सोलंकी ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान रिमूवल गैंग ने उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। पार्षद ने जब्त किए गए ठेलों को छोड़ने और ठेले वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। ठेले हटाने की कार्रवाई के विरोध में पार्षद के धरने पर बैठने के बाद नगर निगम की टीम और उनके बीच विवाद बढ़ गया। स्थानीय लोग भी उनके समर्थन में मौके पर मौजूद रहे। पार्षद का कहना है कि जब्त ठेले छोड़े जाने चाहिए और ठेले वालों को राहत दी जानी चाहिए।



लोककथाओं, आदिवासी भाषाओं को डिजिटल रूप में सहेज रहा आईआईटी इंदौर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आदिवासी भाषाओं के शब्दों से लेकर सदियों पुराने साहित्य को सहेजने के लिए आईआईटी इंदौर डिजिटल माध्यमों का सहारा ले रहा है। संस्थान में कोरकू भाषा का शब्दकोश तैयार करने पर रिसर्च हो रही है, वहीं दुर्लभ सिंधी साहित्य की पुस्तकों को ऑडियो बुक के रूप में तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा बोड़ो भाषा की बोलियों और सिंधी लोककथाओं व पुरानी पांडुलिपियों को संरक्षित करने पर भी काम किया जा रहा है। इनकी डिजिटल लाइब्रेरी भी तैयार की जाएगी। ऐसा हो जाने के बाद इंदौर ही नहीं देशभर के लोग इसका उपयोग कर सकेंगे। स्टूडेंट्स के साथ ही इन भाषाओं पर रिसर्च करने वालों को भी इससे फायदा मिलेगा।

कोरकू भाषा का शब्दकोशः इसमें कोरकू शब्दों को उनके अर्थ के साथ दर्ज किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी भाषा को समझ और सीख सकें। मप्र और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में बोली जाने वाली इस भाषा के लिए संस्थान को जयप्रकाश नारायण नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ह्यूमैनिटीज से 4 लाख रुपए की मदद मिली है। मप्र में खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल और छिंदवाड़ा सहित सतपुड़ा क्षेत्र में इस भाषा का विशेष महत्व है।

सोनू वेफर्स ब्रांड के चिप्स पैकेट पर 2019 में एक्सपायर पंजीयन नंबर मिला; खाद्य विभाग की कार्रवाई

इंदौर में कर्णावत से पनीर-तेल समेत 6 सैंपल लिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

त्योहारों के बीच खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

शिकायतों के आधार पर कर्णावत पान भोजन प्रसादी, जैन श्वेतांबर शिव भंडार, अमृतसरी नान ढाबा, सोनू वेफर्स और राजा चाट भंडार समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। वहीं, सोनू वेफर्स के पैकेट पर पुराने खाद्य पंजीयन क्रमांक का उल्लेख मिलने पर सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है।



कर्णावत से 6 सैंपल, ढाबे से पनीर-दाल मखनी की जांच- अंजनी नगर, एयरपोर्ट रोड स्थित कर्णावत पान भोजन प्रसादी से आलू, गिलकी, तुवर दाल, पनीर मसाला, सोयाबीन तेल और धनिया पाउडर के कुल छह नमूने लिए गए। सिलावटपुरा स्थित जैन श्वेतांबर शिव भंडार से नमकीन मिक्सचर और बूंदी के नमूने संग्रहित किए गए।

शिकायत के आधार पर अमृतसरी नान ढाबे का भी निरीक्षण किया गया। यहां रसोईघर में साफ-सफाई और खाद्य स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। टीम ने पनीर और दाल मखनी के नमूने जांच के लिए लिए।

सोनू वेफर्स के पैकेट पर मिला पुराना पंजीयन नंबर- सांवेर रोड स्थित अवंतिका नगर के सोनू वेफर्स (मेसर्स मोहनलाल दौलतराम ट्रेडर्स) से आलू चिप्स और फलाहारी वेफर्स के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान आलू चिप्स के पैकेट पर वर्तमान खाद्य अनुज्ञप्ति क्रमांक के साथ पुराना खाद्य पंजीयन क्रमांक भी अंकित मिला। विभागीय जानकारी के अनुसार, पुराने पंजीयन की वैधता 19 मार्च 2019 तक थी, जबकि वर्तमान अनुज्ञप्ति 10 दिसंबर 2026 तक वैध पाई गई। इस स्थिति को लेकर संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, चिप्स या फलाहारी वेफर्स के नमूनों की गुणवत्ता पर कोई निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है। इसकी स्थिति प्रयोगशाला रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी।

राजा चाट भंडार से पानीपुरी का पानी और आलू मसाला के नमूने लिए- सांवेर में सिविल हॉस्पिटल के सामने स्थित राजा चाट भंडार से पानीपुरी के पानी और आलू मसाला के नमूने लिए गए। संचालक को खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव, साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री विजयवर्गीय बोले-आने वाले समय में जलसंकट की स्थिति बनेगी

लोगों को अभी से मानसिक रूप से तैयार करना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में आने वाले समय में जलसंकट की स्थिति है। इसलिए लोगों को अभी से मानसिक रूप से तैयार करना होगा। यह बात शुक्रवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहीं। वे कुशवाह नगर चौराहे पर आयोजित कुशवाह नगर मेन रोड निर्माण काम और अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नर्मदा लाइन काम के शुभारंभ मौके पर आयोजित प्रोग्राम में शामिल होने पहुंचे थे। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने पानी बचाने को लेकर उन्होंने कहा - शहरभर में एक अवेयरनेस अभियान की जरूरत है। मैं स्तर पर तो कोशिश कर रहा हूं, लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों से कहूंगा कि आने वाला समय हम सभी के लिए जलसंकट का होगा।



हम अभी से लोगों को मानसिक रूप से तैयार करें कि आने वाले समय में पानी की कमी होगी। नर्मदा जी का लेवल भी कम है। इसलिए उस लेवल का बनाए रखना जरूरी है क्योंकि नर्मदा जी उस लेवल के नीचे जाती है तो पम्पिंग नहीं हो सकती है। इसलिए हम नर्मदा प्रोजेक्ट और हाइड्रो प्रोजेक्ट वालों के साथ भोपाल में मीटिंग करेंगे। उसने सुनिश्चित करेंगे की नर्मदा जी का एक लेवल बने ताकि पम्पिंग प्राभावित ना हो। विभाग में करप्शन वाले सवाल पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि उसकी उच्च स्तरीय जांच भी हो कई है और कुछ लोगों को सस्पेंड भी कर दिया है। जांच हो रही है बचे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्टेट किया है।

यहां बनेगी क्वालिटी वाली सड़क, कालानी नगर में भी ब्रिज की तैयारी- वहीं कुशवाह नगर को लेकर उन्होंने कहा यहां लोगों को नुकसान ना हो इसलिए 60 फीट की परमिशन दी है। यहां क्वालिटी सड़क बनेगी। सड़क बनने के पहले लाइन डालने का काम किया जाएगा। दीपावली के बाद से काम किया जाएगा। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कालानी नगर में ब्रिज की आवश्यकता है, क्योंकि यहां वहां ट्रैफिक रहता है। महापौर से प्लान तैयार करने के लिए कहा है।

इतना गैर जिम्मेदार विपक्ष नहीं आया- मंत्री विजयवर्गीय ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि - इस देश के अंदर आजादी के बाद इतना गैर जिम्मेदार विपक्ष कभी भी नहीं आया। मैंने एक नेता का ट्वीट देखा उन्होंने अल्बेरिया में छात्रों के आंदोलन पर ट्वीट किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आप हिंदुस्तान में भी आग लगवाना चाहते है। इतना गैर जवाबदार विपक्ष नहीं देखा। वे हर संवैधानिक संस्था पर ऊंगली उठाएंगे तो डेमोक्रेसी कहां बचेगी सरकार किसी की भी बने, हमारे लिए जरूर है प्रजातंत्र जिंदा रहे। दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है, अगर विपक्ष की भूमिका इतनी नकारात्मक होगी, तो देश में प्रजातंत्र कैसे रहेगा।

खबर एक नजर...

रतलाम में कुएं में मिला सड़ा-गला शव, 15 दिन पुराना होने की आशंका

रतलाम। रतलाम के धराड़-नयाखेड़ा के बीच रोड से लगे कुएं में शुक्रवार रात एक व्यक्ति का शव मिला है। शव पूरी तरह से सड़ गया था। शव को एसडीआरएफ के जवानों ने निकालने के लिए जहां से पकड़ने का प्रयास किया तो वहां से बिखरने लगा। शव को निकालने के लिए डाली गई खाट पर ही प्लास्टिक बिछाई। बड़ी मुश्किल से कुएं से बाहर शव निकालकर उसी प्लास्टिक में पैक कर मेडिकल कॉलेज भेजा। देर रात तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शुक्रवार शाम को धराड़ व नयाखेड़ा के बीच रोड से लगे कुएं में से पड़ोसी खेत वाले को बदबू आई। उसने आसपास के दूसरे खेत वालों को बताया। सभी ने वहां जाकर देखा तो कुएं में किसी का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने बिलपांक थाने पर सूचना दी। मौके पर थाना प्रभारी अयूब खान पुलिस बल के साथ पहुंचे। एसडीआरएफ टीम को बुलाया। रात के अंधेरे में टार्च की रोशनी कर एसडीआरएफ टीम के जवान शव को निकालने कुएं में उतरे। शव को निकालने के लिए उसके शरीर को जहां भी हाथ लगाया वहां से उसका शरीर बिखरने लगा था।

गुना में लूट और फायरिंग केस में छठी गिरफ्तारी

गुना। गुना जिले के बेरखेड़ी गांव में लूट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं। एक आरोपी अभी भी फरार है। पकड़े गए आरोपियों में से दो महिलाओं ने गांव में रेकी की थी। पुलिस आखिरी आरोपी की तलाश में लगी हुई है। बता दें कि मंगलवार बुधवार रात बेरखेड़ी गांव में रहने वाले वीरेंद्र धाकड़ रोजाना की तरह खाना खाने के बाद सो गए थे। रात 2 बजे के आसपास बदमाश उनके घर में घुसे। परिवार की एक महिला की नींद खुल गई और उसने परिवार वालों को जगाया। बदमाशों ने परिवार की एक बच्ची को पकड़ लिया और कहा कि जो भी सामान और पैसे हैं, दे दो। नहीं तो बच्ची को मार देंगे। इसी बीच परिवार के लोगों ने शोर मचाकर और फोन लगाकर ग्रामीणों को इकट्ठा कर लिया। बड़ी संख्या में गांव वाले भी पहुंच गए और बदमाशों को घेर लिया। इसी बीच बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। परिवार के तीन पुरुषों को गोली के छर्रे लगे। ग्रामीणों ने भी बदमाशों को पकड़ लिया और दो बंदूकें छीन लीं। हालांकि, सभी बदमाश फरार हो गए। परिवार के लोगों का कहना है कि आवाज और भाषा से वो पारदी समुदाय के लग रहे थे। बदमाश घर में रखे लगभग 45 हजार नकदी चुरा ले गए।

सतना में दुर्गा पंडाल और घर के बाहर फायरिंग-तोड़फोड़

सतना। सतना के उमरी में दुर्गा पंडाल और एक घर के बाहर तोड़फोड़ और फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार किया है। इन पर दहशत फैलाने का आरोप है। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने आरोपियों अखंड प्रताप सिंह उर्फ गोलू (28) और अभिषेक शर्मा उर्फ अभी (28) के पास से 315 बोर का कट्टा, दो कारतूस, लाठी-डंडे और वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की है। गिरफ्तार दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। यह घटना मंगलवार को हुई थी। आरोपी स्कॉर्पियो से दुर्गा पंडाल पहुंचे थे। वहां गाली-गलौज के बाद उन्होंने हवाई फायर किया और मौके से भाग गए। इसके बाद आरोपियों ने एक घर के बाहर भी फायरिंग की। पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

चित्रकूट में दीपावली पर बंद रहेंगी गुप्त गोदावरी गुफाएं

चित्रकूट। चित्रकूट की प्रसिद्ध गुप्त गोदावरी गुफाएं दीपावली पर भी पर्यटकों के लिए बंद रहेंगी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में गुफाओं के अंदर और बाहर चट्टानों के खिसकने और पत्थर गिरने का खतरा बताया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने तक गुफाओं को बंद रखने का फैसला किया है। गुफाओं में 24 सितंबर को पत्थर गिरने की घटना हुई थी। इसके बाद पर्यटकों का प्रवेश अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। बाद में GSI की टीम ने मौके पर पहुंचकर चट्टानों की स्थिति का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट सौंपी। GSI की रिपोर्ट के मुताबिक, गुफा नंबर-1 में बाढ़ के पानी के कारण चट्टानों के बीच मौजूद सामग्री बह गई है। इससे चट्टानों में दरारें चौड़ी हो गई हैं। राम दरबार हॉल और प्रवेश सीढ़ियों के पास 30 से 40 सेंटीमीटर के चट्टानी ब्लॉक लटके हुए मिले हैं। प्रवेश सीढ़ियों के आखिरी हिस्से में भी एक बड़ा चट्टानी ब्लॉक खिसकने का गंभीर खतरा बताया गया है। इन स्थितियों को देखते हुए गुफाओं में पर्यटकों की आवाजाही फिलहाल बंद रखी गई है।

मैहर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

मैहर। मैहर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में 52 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार 35 साल का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा रामपथ गमन मार्ग पर हुआ, जब दोनों मैहर से अपने गांव लौट रहे थे।

भोपाल मास्टर प्लान-5000 आपत्ति, छंटनी में लगेंगे 15 दिन:

आज रात 12 बजे तक ऑनलाइन लेंगे; कैचमेंट में बदलाव, अवैध निर्माण-चौड़ी सड़क का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल मास्टर प्लान-2047 के ड्राफ्ट के विरोध में अब तक 5 हजार से ज्यादा आपत्तियां आ चुकी हैं। इनकी छंटनी में ही करीब 15 दिन लगेंगे। इसके बाद सुनवाई का शेड्यूल जारी होगा। बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में बदलाव, अवैध निर्माण और चौड़ी सड़क के विरोध में सबसे ज्यादा आपत्तियां मिली हैं। आज रात 12 बजे तक ऑनलाइन दावे-आपत्ति दर्ज किए जा सकेंगे।

शाहपुरा स्थित टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दफ्तर में पिछले 2 दिन से आपत्तियों को दर्ज कराने वालों की भीड़ लगी हुई हैं। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के साथ व्यापारी पहुंचे। कई रहवासियों ने भी निर्माण समेत अन्य विषयों को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। दावे-आपत्ति के लिए 30 दिन का समय शनिवार रात 12 बजे पूरा हो जाएगा। चूंकि, इस दिन सरकारी छुट्टी है। इसलिए



लोग ऑनलाइन तरीके से ही दावे-आपत्ति लगा सकेंगे। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने इसे लेकर आपत्ति ली है। उन्होंने संयुक्त संचालक टीएंडसीपी को भेजे गए आवेदन में मांग की है। उन्होंने बताया कि क्रेडाई के साथ अन्य संस्थाएं और नागरिक समूह भी योजना पर आपत्तियां और सुझाव जुटा रहे हैं। आखिरी दिनों में कार्यालय बंद होने या ऑनलाइन आवेदन में परेशानी आने से किसी की बात छूट न जाए, इसके लिए पहले से इंतजाम करने का आग्रह है।

प्रकाशन का दिन छोड़ दें तो रविवार आखिरी दिन

क्रेडाई अध्यक्ष मीक ने बताया कि 25 सितंबर के मध्य प्रदेश राजपत्र में योजना के ड्राफ्ट पर आपत्ति-सुझाव देने के लिए प्रकाशन से 30 दिन का समय है। प्रकाशन का दिन छोड़कर गिनें तो 30वां दिन 25 अक्टूबर, रविवार पड़ता है। 24 अक्टूबर को शनिवार है। ऐसे में विभाग से लिखित रूप में साफ करने को कहा गया है कि काउंटर, ईमेल और पोर्टल पर आवेदन किस तारीख और समय तक लिए जाएंगे। आवेदन में दोनों दिन स्टाफ के साथ काउंटर चालू रखने, उनका पता, समय और संपर्क अधिकारी की जानकारी वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर दी जाए। काउंटर की रसीद पर तारीख, समय, आवक नंबर, साथ दिए गए दस्तावेजों की संख्या और लेने वाले अधिकारी का नाम व पद हो। ऑनलाइन आवेदन की रसीद में भी समय, नंबर और भेजी गई फाइलों की जानकारी मिले। किसान चाहते हैं कि उनकी कृषि भूमि का उपयोग खेती के लिए ही सुरक्षित रखा जाए। अनोखी सिंह पटेल के मुताबिक, किसानों के पास आजीविका का प्रमुख साधन खेती है।

समय रहते काबू पाने से टला बड़ा हादसा

छिंदवाड़ा में गुड़ फैक्ट्री के टीन शेड में लगी आग, 150 पीवीसी और एसडी पाइप जले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के ग्राम नेर स्थित ओम गुड़ उद्योग में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। फैक्ट्री से लगे बड़े टीन शेड में रखे सूखे गन्ने के चूरे में आग भड़क उठी। इसकी चपेट में आने से करीब 150 पीवीसी और एसडी पाइप के साथ स्प्रिंकलर नोजल जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। समय रहते आग बुझाने के प्रयास शुरू होने से बड़ा हादसा टल गया। आग लगते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग फैक्ट्री के अंदर तक नहीं पहुंची, जिससे गुड़ उद्योग को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। आग तेजी से फैलती तो आसपास के क्षेत्र को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास किए। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। आगजनी में जले पाइप और स्प्रिंकलर नोजल के अलावा कुल कितने रुपये का नुकसान हुआ, इसका आकलन देर रात तक नहीं हो पाया था। आग बुझाने का काम देर शाम तक जारी रहा। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जैसलमेर के पीले पत्थरों से आकार ले रहा सिंह द्वार

दमोह का कुंडलपुर मंदिर...:2500 साल पुराना सिद्धक्षेत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमोह

दमोह कुंडलपुर की पहाड़ी पर बड़े बाबा भगवान आदिनाथ का भव्य मंदिर अब अंतिम स्वरूप की ओर बढ़ रहा है। 189 फीट ऊंचे मंदिर का शिखर, गुण मंडप और नृत्य मंडप का निर्माण पूरा हो चुका है। अब मंदिर के 72 फीट ऊंचे भव्य सिंह द्वार को तैयार किया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए राजस्थान के जैसलमेर से विशेष पीला पत्थर मंगाया गया है। पत्थरों पर नक्काशी और द्वार के निर्माण के लिए राजस्थान के कारीगर और मजदूर जुटे हैं। मंदिर का निर्माण कार्य 2027 में पूरा होने की संभावना है।

दमोह जिला मुख्यालय से करीब 36 किमी दूर स्थित कुंडलपुर प्रसिद्ध जैन तीर्थ है। यहां बन रहा बड़े बाबा का मंदिर अपनी ऊंचाई और स्थापत्य के कारण विशेष पहचान बना रहा है। मंदिर के समन्वयक आरके जैन ने बताया कि सिंह द्वार को केवल प्रवेश मार्ग के रूप में नहीं, बल्कि मंदिर की भव्यता और शौर्य के प्रतीक के तौर पर विकसित किया जा रहा है। मंदिर की डिजाइन और ड्राइंग सोमपुरा बंधुओं ने तैयार की है।



बिना लोहा और सीमेंट के निर्माण

कुंडलपुर मंदिर में लोहा, सरिया और सीमेंट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। पत्थरों को विशेष तकनीक से एक-दूसरे के साथ जोड़कर संरचना तैयार की जा रही है। निर्माण से जुड़े लोगों के अनुसार, मंदिर को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पत्थर आधारित पारंपरिक पद्धति अपनाई गई है। कुंडलपुर को प्राचीन सिद्धक्षेत्र के रूप में जाना जाता है। यहां पद्मासन मुद्रा में बड़े बाबा भगवान आदिनाथ की करीब 15 फीट ऊंची प्रतिमा विराजमान है। क्षेत्र में लगभग 65 प्राचीन मंदिर हैं, जिन्हें 8वीं-9वीं शताब्दी का बताया जाता है। पूरे क्षेत्र का इतिहास करीब 2500 साल पुराना माना जाता है।

विधायकों को 3 दिन 'नेवा' की ट्रेनिंग

डिजिटल कामकाज सीखेंगे, विधानसभा में अब सवाल-जवाब भी होंगो ऑनलाइन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही को डिजिटल बनाने के लिए विधायकों, उनके निजी सहायकों (पीए) और सरकारी विभागों के अधिकारियों को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28, 29 और 30 अक्टूबर को विधानसभा परिसर में होने वाले इस प्रशिक्षण में मंत्रियों को छोड़कर बाकी विधायकों को शामिल किया जाएगा। विधायकों के 50-50 के बैच बनाए गए हैं। उनके साथ विधानसभा से जुड़े काम देखने वाले पीए और अन्य स्टाफ भी नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के इस्तेमाल की ट्रेनिंग लेंगे।

प्रशिक्षण का फोकस केवल टैबलेट चलाने तक सीमित नहीं रहेगा। विधायकों को सवाल लगाने, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और शून्यकाल के नोटिस भेजने, विधानसभा की कार्यवाही से जुड़े दस्तावेज ऑनलाइन देखने और सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया समझाई जाएगी। प्रदेश के सभी सरकारी विभागों की विधानसभा शाखाओं के नोडल अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि विधायकों की ओर से भेजे जाने वाले सवालों और नोटिस पर विभागीय कार्रवाई डिजिटल माध्यम से की जा सके।

सवाल लगाने से जवाब मिलने तक ऑनलाइन होगी प्रक्रिया

नेवा यानी नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत संसदीय कार्य मंत्रालय की पहल है। इसका उद्देश्य विधानसभाओं की कार्यवाही को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना और कागजी कामकाज कम करना है। इसके जरिए सदन की कार्यसूची, प्रश्न, उनके जवाब, विधेयक, नोटिस और अन्य संसदीय दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान विधायकों को डिजिटल प्रणाली के माध्यम से सवाल और नोटिस जमा करने, कार्यसूची देखने तथा विभागों के जवाब और जरूरी दस्तावेज हासिल करने की प्रक्रिया समझाई जाएगी। विधायकों के पीए को इस काम में सहयोग करने और डिजिटल प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करने की जानकारी दी जाएगी।

सरकारी विभागों के नोडल अधिकारियों को विधानसभा से संबंधित सवालों और नोटिस की जानकारी प्राप्त करने, जवाब तैयार करने के लिए विभागीय समन्वय करने और डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से जानकारी भेजने की प्रक्रिया समझाई जाएगी। इससे विधानसभा सचिवालय, विधायक कार्यालयों और सरकारी विभागों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

दिसंबर के सत्र से पहले तैयारी

विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर के तीसरे सप्ताह में संभावित है। 14 से 26 दिसंबर के बीच सत्र आयोजित होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होने वाला प्रशिक्षण नई डिजिटल व्यवस्था के इस्तेमाल की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

सत्र के दौरान विधायकों के सवाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और शून्यकाल संबंधी नोटिस सहित कई प्रक्रियाओं में विधायकों और विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय की जरूरत होती है। नेवा का प्रभावी इस्तेमाल होने पर विधायकों को सदन से संबंधित दस्तावेज डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होंगे। विभागों के लिए भी सवालों और नोटिस पर कार्रवाई की प्रक्रिया ऑनलाइन संभालना आसान हो सकेगा।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 3 दिन जबलपुर में

आज कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद मोबाइल बैन, मीडिया कवरेज पर रोक

कल कॉलेज के स्वयंसेवकों के शिविर में होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज से 3 दिन जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। 24 से 26 अक्टूबर तक वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान दायित्ववान कार्यकताओं, महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों और संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ संवाद और बैठक करेंगे। प्रवास के पहले दिन शनिवार को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर में निवासरत मुख्य शिक्षक और उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकताओं से संवाद करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक कार्यों से जुड़े विषयों पर चर्चा कर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे। निजी कॉलेज में होने वाले कार्यक्रमों में सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। कार्यक्रम में मीडिया कवरेज की भी अनुमति नहीं है।



25 अक्टूबर को डॉ. भागवत महाकौशल प्रांत के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों के शिविर में शामिल होंगे। यहां वे युवा स्वयंसेवकों से संवाद करेंगे। प्रवास के अंतिम दिन 26 अक्टूबर को वे फर महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी और विभाग टोली के कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें संगठनात्मक कार्यों, गतिविधियों और समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही आगामी कार्यों के लिए मार्गदर्शन देंगे।

टीचर की पत्नी बोली- सास, देवर ने जीना मुश्किल कियाःभाई को वीडियो भेजकर किया सुसाइड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

शिवपुरी के गोशाला इलाके में गुरुवार को एक टीचर की पत्नी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उसने अपने भाई को एक वीडियो भेजा था। इसमें उसने कहा- सास-देवर ने इतना परेशान कर दिया कि मरना पड़ रहा है। उसने दोनों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात भी कही। मृतका की पहचान 27 वर्षीय राधा धाकड़ के रूप में हुई है। उसकी शादी 20 नवंबर 2025 को सुखवीर धाकड़ से हुई थी। सुखवीर निजी स्कूल में शिक्षक हैं। शादी को करीब 11 महीने हुए थे। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे सुखवीर स्कूल में पढ़ाने गए थे। इसी दौरान राधा ने घर में फांसी लगा ली। स्कूल से लौटने पर पति ने उसे फंदे पर लटका देखा।

पोस्टमॉर्टम के बाद राधा के मायके पक्ष के लोग शव लेकर शुक्रवार दोपहर 1 बजे देहात थाने पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष के खिलाफ हत्या और दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करने की मांग की। करीब चार घंटे तक थाने पर हंगामा चला। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयानों के आधार पर [illegible] दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राधा धाकड़ की शादी 20 नवंबर 2025 को सुखवीर धाकड़ से हुई थी।

टूरिज्म बोर्ड, जलसंसाधन के कब्जे मिले; पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे का निर्माण भी मिला

एनजीटी का निरीक्षणः भोपाल के केरवा डैम की रिपोर्ट में 19 अतिक्रमण


केरवा डैम के फुल टैंक लेवल बफर जोन और ग्रीन बेल्ट में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सामने आए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के केरवा डैम का सर्वे पूरा हो गया है। ग्राउंड ट्रूथिंग करने पहुंची टीम को सरकारी अतिक्रमण भी दिखें। इसकी रिपोर्ट टीम ने नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) में पेश की जाएगी। इनमें टूरिज्म बोर्ड और जलसंसाधन विभाग के अलावा प्राइवेट अतिक्रमण भी पाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के बेटे अजय सिंह, पूर्व विधायक जितेंद्र डागा के निर्माण भी एफटीएल में मिलें।

केरवा डैम के फुल टैंक लेवल बफर जोन और ग्रीन बेल्ट में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सामने आए हैं। टीम ने दर्ज अतिक्रमण-विवरण में 19 अतिक्रमण बताए हैं। यह मेंडोरा, बरखेड़ी बाज्याफ्त, कुशलपुरा, मुल्ला जी की टेकरी, फतेहपुर डोगरा, महुआखेड़ा और मीटूखेड़ी गांवों में है। लिस्ट में निजी व्यक्तियों के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम और जल संसाधन विभाग जैसे सरकारी विभागों के निर्माण भी शामिल हैं।

मौके पर लोकेशन और समय के साथ ली गई तस्वीरों में जलाशय के किनारे ताजा भराव,



पानी में उतरती पत्थर की दीवारें, पानी की धार पर खड़े फ्ठउ पिलर और निमार्णाधीन परिसर साफ दिखाई देते हैं। ग्राउंड ट्रूथिंग सुबह होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भोपाल क्षेत्रीय अधिकारी का अचानक तबादला हो गया था। नए और पुराने फ्ड के दोपहर में मौके पर पहुंचने के बाद ही कार्य शुरू हो सका। टीम में याचिकाकर्ता राशिद नूर खान, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. सुभाष सी. पांडेय, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के वैज्ञानिक प्रवीण कोठारी, वेटलैंड अथॉरिटी के वैज्ञानिक दिनेश दामले, नगर निगम की ओर से पुण्डरीक द्विवेदी, जल संसाधन विभाग की ओर से शांतनु सिंह, वन विभाग की एक महिला अधिकारी और अलग-अलग हल्कों के पटवारी शामिल हैं। सभी की उपस्थिति का पंचनामा बनाया गया। दल ने केरवा डैम रोड से शुरू करके कुशलपुरा रोड तक किनारे का मुआयना किया।

डायरेक्टर प्रकाश झा समेत कई लोगों के नाम लिस्ट में

मेंडोरा : सबसे ज्यादा 12 अतिक्रमण मेंडोरा गांव की हैं। इनमें से कई निर्माण बॉटनिकल गार्डन के लिए आरक्षित जमीन पर हैं। तीन स्थानों पर डैम की सीमा बताने वाली मुनारें गायब पाई गईं। मप्र पर्यटन का पिकनिक रेस्टोरेंटः ग्रीन बेल्ट में व्यावसायिक रेस्टोरेंट चल रहा है और बॉटनिकल गार्डन की जमीन पर स्थायी निर्माण है। डैम की मुनारें भी गायब मिलीं। तस्वीरों में पक्का पेवर फर्श, खपरैल की छत वाला पवेलियन, लॉन, बच्चों के झूले और लाल छत वाले कॉटेज दिखते हैं। केरवा रेस्ट हाउसः यह भी बॉटनिकल गार्डन की जमीन पर है। नए सीमेंट-कंक्रीट पिलर खड़े किए गए हैं और इनके लिए बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने की बात दर्ज है। तस्वीरों में पानी की धार के साथ-साथ फ्ठउ पिलरों की कतार दिखती है, जिनके ऊपर सरिया खुली है। एक पिलर पेड़ की जड़ों से सटाकर बनाया गया है। वहीं पास में टीन के शेड भी हैं। यहां भी मुनारें गायब मिलीं। अजय सिंह पिता अर्जुन सिंह (खसरा 231, 232, 234): रिटेनिंग वॉल बनाकर अतिक्रमण और बॉटनिकल गार्डन की जमीन पर पक्के कमरे। तस्वीरों में पत्थर की चिनाई वाली दीवारें जलाशय के अंदर तक निकली दिखती हैं, और ऊपर ढलान पर निर्माण हैं।

आधा सत्र निकला..., 2.14 लाख बच्चों को अब तक नहीं मिल पाई यूनिफॉर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छतरपुर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 का आधे से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन जिले के सरकारी स्कूलों के 2 लाख 14 हजार 261 विद्या?र्थी अब भी यूनिफॉर्म से वंचित हैं। कक्षा एक से 8वीं तक के बच्चों को न सिली-सिलाई यूनिफॉर्म मिली और न ही सिलवाने के लिए उनके बैंक खातों में राशि ट्रांसफर हुई। राशि अभिभावकों के खातों में जमा कराने के लिए सभी बीआरसी (ब्लॉक संसाधन केंद्र) को खाता नंबर अपडेट करना है। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए बैंक खातों को अपडेट करने में विभाग के अधिकारी देरी कर रहे हैं। सरकार ने इस सत्र में विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। इसके लिए मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम ने करीब 350 करोड़ रुपए का केंद्रीकृत टेंडर जारी किया था। टेंडर की शर्तों को लेकर स्थानीय एमएसएमई इकाइयों, वस्त्र संघों, बुनकरों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी। याचिकाकताओं का कहना था कि टेंडर की शर्तों के कारण स्थानीय इकाइयों को प्रक्रिया से बाहर होना पड़ रहा है।

वामिका गब्बी से कहा गया- तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा

:फिर ह्यजुबलीह्न से मिली पहचान, दो बड़े प्रोजेक्ट बंद हुए और एक्टिंग छोड़ने का मन बनाया



एक वक्त वामिका गब्बी को लगता था कि शायद वे एक्टिंग के लिए नहीं बनी हैं। लगातार रिजेक्शन मिल रहे थे और अच्छे रोल नहीं मिल रहे थे। मुंबई में करीब 6-7 साल बिताने के बाद भी करियर उस मुकाम पर नहीं पहुंचा था, जिसका उन्होंने सपना देखा था।

एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनसे कहा गया कि अपने हुनर पर काम करो, क्योंकि तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा। इसी बीच नेटफ्लिक्स की दो सीरीज- बाहुबली: बिफोर द बिगिनिंग और मिडनाइट्स चिल्ड्रन से जुड़ने का मौका मिला, लेकिन दोनों प्रोजेक्ट पर्दे तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि, एक अधूरी सीरीज ने उनके करियर की दिशा बदल दी। विशाल भारद्वाज की वर्कशॉप ने उन्हें एक्टिंग का नया नजरिया दिया, जबकि विक्रमादित्य मोटवानी की जुबली से उन्हें हिंदी दर्शकों के बीच पहचान मिली। आज वामिका बड़े सितारों के साथ फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नजर आ रही हैं।

वामिका गब्बी का जन्म 29 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ। उनके पिता गोवर्धन गब्बी पंजाबी लेखक हैं। साहित्य और कला के माहौल में पली-बढ़ीं वामिका को बचपन से अभिनय में दिलचस्पी थी। उनके पिता मजाक में उन्हें ड्रामेबाज कहते थे।


2007 में रिलीज इम्तियाज अली की फिल्म जब वी मेट वामिका के करियर की शुरूआती फिल्मों में शामिल थी। फिल्म में शाहिद कपूर और करीना कपूर लीड रोल में थे। वामिका ने करीना के किरदार गीत की कजिन का छोटा-सा रोल निभाया था। सिनेमा एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में वामिका ने बताया था कि जब वी मेट की शूटिंग के दौरान वे आठवीं क्लास में थीं। फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली आज भी उन्हें छोटी वाली कहकर बुलाते हैं। उन्होंने बताया कि इम्तियाज ने जुबली देखकर उनके अभिनय की तारीफ की, तो यह उनके लिए बेहद खास पल था।

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी, दिलजीत को जान से मारने का मेल

अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया।

इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की बात लिखी गई। कहा गया कि 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।

मुंबई मेयर को भेजे गए मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। इसमें 1984 के सिख-विरोधी दंगों का भी जिक्र है। मेल में कहा गया कि दिलजीत ने अमिताभ बच्चन के पैर छूए थे इसलिए उस पर हमला किया जाएगा। मेल में लिखा है कि 27 नवंबर को दिलजीत को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आत्मघाती हमले में मारना है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस, पुलिस की डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें बीएमसी मुख्यालय पहुंचीं।



यूपी में अदा शर्मा बोलीं- मुझे कोई धमकी नहीं मिली


यूपी के गोंडा में बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा पहुंचीं। सलमान खान के साथ काम कर रहे लोगों को मिल रही धमकियों के सवाल पर उन्होंने कहा- मुझे अभी तक किसी ने धमकी नहीं दी है। जब मुझे कोई धमकी मिलेगी। तब मैं उसका जवाब दूंगी।

शुक्रवार शाम 6:30 बजे एक्ट्रेस एक निजी ज्वैलरी शोरूम के उद्घाटन में पहुंची थीं। उन्होंने फैंस का उत्साह देखकर कहा- गोंडा मेरा दूसरा घर है।

दर्शकों से बातचीत में एक दर्शक ने लॉरेंस बिश्नोई की ओर से सलमान खान और उनके साथ काम करने वाले लोगों को मिल रही धमकियों को लेकर सवाल पूछा। इस पर अदा शर्मा ने कहा- सर, मैं तो किसी को धमकी नहीं दे रही हूं। मुझे अभी तक किसी ने धमकी नहीं दी है। किसी और के कमेंट पर मैं कोई कमेंट नहीं कर सकती।

जब मुझे कोई धमकी मिलेगी, तब आप पूछिएगा, मैं उसका जवाब दूंगी। जब मैं किसी को जानती नहीं हूं और वह किसी दूसरे को धमकी दे रहा है, तो मैं इस पर कैसे कमेंट करूं?

बेटी के जन्म के 36 दिन बाद शूटिंग करेंगी एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण



शाहरुख खान के साथ शूट करेंगी 'किंग' का गाना; दूसरी बेटी का नाम रखा देवी

450 करोड़ का बजट, 24 दिसंबर को रिलीज की तैयारी

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी दूसरी बेटी के जन्म के महज 36 दिन बाद काम पर लौटने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट वैरायटी के अनुसार, दीपिका 26 अक्टूबर से शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म 'किंग' के गाने की शूटिंग शुरू करेंगी।

19 सितंबर 2026 को अपनी दूसरी बेटी के स्वागत के बाद यह दीपिका का पहला शूटिंग शेड्यूल होगा। दीपिका और रणवीर ने अपनी दूसरी बेटी का नाम देवी पादुकोण सिंह रखा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान मुंबई में फिल्म 'किंग' के लिए एक बड़े पैमाने पर बनने वाले गाने की शूटिंग करेंगे। इस गाने में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट नजर आ सकती है। वैभवी मर्चेंट इस गाने को कोरियोग्राफ कर रही हैं, हालांकि गाने के टाइटल और संगीतकार के बारे में अभी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। 'किंग' के साथ शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की ऑन-स्क्रीन जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के सामने होगी। दोनों ने पहली बार साल 2007 में फराह खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'हैप्पी न्यू ईयर', 'पठान' और 'जवान' जैसी हिट फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं। 'किंग' दोनों की साथ में छठी फिल्म होगी।

19 सितंबर को हुआ था दूसरी बेटी का जन्म

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह 19 सितंबर 2026 को दूसरी बार माता-पिता बने हैं। इससे पहले सितंबर 2024 में उनकी पहली बेटी दुआ का जन्म हुआ था। दोनों ने नवंबर 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी। दोनों ने अपनी दूसरी बेटी का नाम देवी पादुकोण सिंह रखा है।

फिल्म 'किंग' का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इसका अनुमानित बजट करीब 450 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म में शाहरुख और दीपिका के अलावा सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अरशद वारसी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा करीना कपूर खान के भी डांस नंबर में नजर आने की चर्चा है। फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली

बाएं से दाएं

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू -3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना - 3
27. मसाज-3

ऊपर से नीचे

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीति, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माइन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

माथा पच्ची

20		50		90		4	=	40
	■		■		■		■	
28		7		60		33	=	31
	■		■		■		■	
30		10		2		8	=	5
	■		■		■		■	
20		2		25		5	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
38		45		40		24	=	35/19

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

अ	श	मु	ख	ज	त	हो	प	न	प	ल	
ज	क्रि	व	ना	द	म	जा	ञि	स्म	र	ह	
स	के	र	हे	लि	ऐ	बा	न	य	टि	म	
बी	ट	सा	न	ला	ख	त	क	ले	ज	को	
बो	दा	त	प	ने	तो	हो	बा	गो	ब	दि	
ब	र	त	अ	ग	स	ए	व	र	यॉ	ख	
द	प	म	न	प	ह	ह	अ	जो	एला	सा	
क	र	क	सा	क	ह	भा	र	बो	अ	क	
र	व	त	म	ए	भी	र	क	अ	न	र	
फु	ट	पा	त	र	शो	ला	ण	र	ह	ज	
मुं	ब	ई	न	आ	प	र	क	प	स्त	ये	

शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

अष्टयोग

5	1		4	2		7
	31		28		30	1
		7	3		2	
4	33		29	1	31	6
3		1		5		
	34	6	35		40	3
2	3		1	6	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

53	-	12	-	25	+	5	= 21
-	■	+	■	-	■	+	■ +
48	=	17	-	20	x	1	= 45
+	■	-	■	x	■	+	■ -
30	x	2	-	10	+	1	= 50
-	■	+	■	-	■	+	■ +
13	+	1	=	30	-	10	= 33
=	■	=	■	=	■	=	■ =
22	+	27	-	20	+	16	= 25/25

अष्टयोग का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	23	1	26	6	40	6
1	2	3	4	5	6	7
4	32	4	32	4	32	4
7	6	5	4	3	2	1
6	47	7	35	7	26	2
3	7	6	1	2	4	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-


मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9



रूसी डीजल की पहली खेप अमेरिका रवाना

जहाज पर करीब 3 लाख बैरल डीजल लदा; देश में डीजल की कीमतें कम करना चाहते हैं ट्रम्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को/वॉशिंगटन

अमेरिका में डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच रूस से करीब 3 लाख बैरल डीजल लेकर एक टैंकर अमेरिका के लिए रवाना हुआ है। जहाज 10 नवंबर को न्यूयॉर्क पहुंच सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वैश्विक बाजार में ईंधन की सप्लाई बढ़ाने पर सहमति के बाद यह पहली खेप है। ट्रम्प प्रशासन रूस पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील देकर ईंधन की सप्लाई बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

एनबीसी न्यूज के मुताबिक, माल्टा के झंडे वाला टैंकर एगियोई फानेंदेस शुक्रवार को रूस के प्रिमोर्स्क बंदरगाह से रवाना हुआ। ऊर्जा बाजार पर नजर रखने वाली कंपनी एनर्जी एस्पेक्ट्स ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया कि जहाज पर करीब 2.98 लाख बैरल डीजल लदा है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन अमेरिकी 15 अगस्त 2025 को अलास्का पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत की थी।

अमेरिका में डीजल की कीमत 78% बढ़ी



अमेरिका में इस साल डीजल की औसत कीमत 3.55 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर 6.32 डॉलर हो गई है। यानी इसमें करीब 78% की बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है, जिससे ऊर्जा की कीमतें बढ़ी हैं। डीजल महंगा होने का असर सिर्फ वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता। खेती, माल ढुलाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी इसका असर पड़ता है। सामान की ढुलाई महंगी होने से कंपनियों की लागत बढ़ती है, जिसका बोझ आखिरकार आम लोगों पर भी पड़ सकता है।

रूस पर प्रतिबंधों में ढील दे रहे ट्रम्प

ट्रम्प प्रशासन ने करीब दो हफ्ते पहले रूस पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दी थी। इसके बाद कुछ और पाबंदियों में भी राहत दी गई। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब रूस का यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी है। ट्रम्प रूस के साथ संबंध सुधारने और यूक्रेन पर युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश भी कर रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि रूसी ऊर्जा मंत्रालय ने पहले टैंकर के रवाना होने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी ईंधन की खेप नियमित रूप से भेजी जा सकती है।

अमेरिका की रोजाना खपत से बहुत कम है खेप

अमेरिका में हर दिन करीब 38 लाख बैरल डीजल की खपत होती है। ऐसे में रूस से आ रही करीब 2.98 लाख बैरल की खेप देश की एक दिन की जरूरत भी पूरी नहीं कर पाएगी। ऊर्जा बाजार की कंपनी एनर्जी एस्पेक्ट्स के विश्लेषकों का मानना है कि इस खेप से कीमतों पर असर सीमित रहेगा। बैंक ऑफ अमेरिका के कमोडिटी विशेषज्ञ फ्रांसिस्को ब्लांच के मुताबिक, दुनिया में डीजल जैसे रिफाइंड ईंधनों की सप्लाई कम हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट के आसपास जहाजों पर हमलों और रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों ने भी सप्लाई को प्रभावित किया है।

कीमतें घटाने के लिए कई कदम उठा रहे ट्रम्प

डीजल की कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। इनमें ऑफ-रोड इस्तेमाल वाले डीजल के ज्यादा इस्तेमाल की अनुमति देना और यूरोपीय देशों पर अपने डीजल भंडार जारी करने का दबाव बनाना शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी प्रशासन ने कच्चे तेल और डीजल के रणनीतिक भंडार से नई खेप जारी करने की कोशिश भी की, लेकिन अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। इसके बावजूद विशेषज्ञों को कीमतों में जल्द बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है।

ईरान बोला- ऐसा हुआ तो खाड़ी देशों में समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल काट देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर फिर हमले की चेतावनी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन/तेहरान



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ फिर सैन्य कार्रवाई करने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने शुक्रवार को फ्लोरिडा में एक रैली के दौरान कहा, 'हम एक और छोटा ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कर सकते हैं।' अमेरिकी सेना ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू हुए युद्ध को 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया था। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि दोबारा सैन्य कार्रवाई कब या किस तरह की होगी।

वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल ने दोबारा हमला किया तो वह खाड़ी देशों में समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल को निशाना बनाएगा। इससे इंटरनेट सेवाओं, बैंकिंग और ऑनलाइन कारोबार पर असर पड़ सकता है।

इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा, हम इस जंग को बहुत जल्दी खत्म कर सकते हैं। सवाल यह है कि क्या हम इसे पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं या इसे धीरे-धीरे कमजोर पड़ने देना चाहते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल की आवाजाही जारी है। यह समुद्री रास्ता दुनिया में तेल की सप्लाई के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, 'हमें वह सब मिल रहा है जो हम चाहते हैं।'

ट्रम्प युद्ध को खत्म करने की समयसीमा को लेकर पहले भी अलग-अलग बयान दे चुके हैं। अक्टूबर की शुरूआत में उन्होंने कहा था कि अमेरिका 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले ईरान पर हमला नहीं करेगा। इन चुनावों से तय होगा कि अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने 21 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर दोबारा हमले की योजना बनाई है।

अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि जिन जगहों को निशाना बनाया जा सकता है, उनमें ईरान के ऊर्जा ठिकाने, परमाणु केंद्र और मिसाइल-ड्रोन का भंडार शामिल हैं।

ईरान पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच कई देशों के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि इससे युद्ध पूरे क्षेत्र में फैल सकता है और आर्थिक नुकसान बढ़ सकता है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने कहा कि ईरान पर नया हमला तनाव बढ़ाएगा और युद्ध को दूसरे देशों तक फैला सकता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष खत्म करने का रास्ता बातचीत और कूटनीति ही है।

फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-नोएल बारो ने भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ने से किसी को फायदा नहीं होगा और तेल-गैस की कीमतों पर गंभीर असर पड़ सकता है। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वाडेफुल ने कहा कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ईरान के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, ताकि वह परमाणु हथियार हासिल न करे। तुर्किये के इस्तांबुल में शुक्रवार को विदेश मंत्रियों की बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, तुर्किये, मिस्र, पाकिस्तान, सऊदी अरब और इटली के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

ईरान ने केबल काटने की योजना बनाई

ईरान के दो सीनियर सुरक्षा अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका और इजराइल के नए हमले की स्थिति में समुद्र के नीचे बिछी संचार केबल को निशाना बनाने की योजना है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि केबल पर हमला कहां और कैसे किया जाएगा।

एक अधिकारी के मुताबिक, ईरान केबल काटने के साथ उनकी मरम्मत में भी रुकावट डाल सकता है। इससे इंटरनेट और दूसरी संचार सेवाएं लंबे समय तक प्रभावित हो सकती हैं। ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड्स के राजनीतिक मामलों के उप प्रमुख यदुल्लाह जवानी ने बुधवार को कहा था कि ईरान के बुनियादी ढांचे पर हमला होने पर वह होर्मुज के नीचे से गुजरने वाली सात प्रमुख इंटरनेट केबल को निशाना बना सकता है।

फ्रांस में हिंसा रोकने के लिए 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

आज प्रदर्शन, फुटबॉल मैच टला; राष्ट्रपति मैक्रों ने छात्र संगठनों से मुलाकात की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस



फ्रांस में पिछले हफ्ते हुई हिंसा के बाद आज फिर देशभर में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन होंगे। हिंसा और लूटपाट रोकने के लिए देशभर में करीब 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इनके साथ पुलिस की विशेष टीमें, करीब 20 बख्तरबंद वाहन और पानी की बौछार करने वाले 15 वाहन भी तैनात रहेंगे।

पिछले शनिवार को 5 लाख से ज्यादा लोग प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शन के दौरान दुकानों में तोड़फोड़ हुई, लूटपाट की गई और गाड़ियों में आग लगाई गई। अब तक 2,700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालात को देखते हुए कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया है और लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है। पेरिस का लूव्र म्यूजियम बंद रहेगा, जबकि पेरिस सेंट-जर्मेन और लियोन के बीच फुटबॉल मैच भी टाल दिया गया है। स्कूलों की खराब हालत को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब महंगाई, बढ़ते खर्च और सरकारी सुविधाओं में कटौती के खिलाफ भी फैल गया है।

मैक्रों ने छात्र संगठनों से मुलाकात की

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। एक महीने से ज्यादा समय पहले स्कूलों की हालत को लेकर प्रदर्शन शुरू होने के बाद यह उनकी छात्र संगठनों के साथ पहली सीधी बैठक थी। मैक्रों ने कहा था कि वीकेंड पर सिर्फ मजदूर संगठनों के प्रदर्शनों को मंजूरी दी जाएगी। इस फैसले से छात्र संगठन नाराज हैं। फ्रांस के प्रमुख छात्र संगठन वठएऋने आज रैली निकालने का ऐलान किया है। संगठन ने कहा कि मैक्रों लोगों के प्रदर्शन करने के अधिकार को छीन रहे हैं। उसने साफ किया कि रोक के बावजूद रैली निकाली जाएगी।

संदिग्ध गिरफ्तार; इस साल मास शूटिंग का 11वां मामला

पेरिस में हमलावर ने राह चलते लोगों पर गोलियां चलाईः1 की मौत, 4 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस के पेरिस के पास शुक्रवार को हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मेयर के मुताबिक, हमलावर ने अलग-अलग जगहों पर लोगों पर गोलियां चलाईं। फ्रांस में इस साल गोलीबारी का यह 11वां मामला है। पुलिस ने ट्रैप शहर के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चला है कि फायरिंग क्यों की गई और इसके पीछे क्या वजह थी। गोलीबारी के बाद पुलिस अलर्ट पर है। फ्रांस की आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करने वाली एजेंसी भी मामले पर नजर रख रही है।

मारा गया व्यक्ति अफ्रीकी मूल का है

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति अफ्रीकी मूल का है। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। वह भी अफ्रीकी मूल का है। फ्रांस में यह घटना ऐसे समय हुई है, जब महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों पर बढ़ते खर्च को लेकर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले हफ्ते कई शहरों में प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। इसके बाद सरकार ने शनिवार को होने वाले प्रदर्शनों के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है।

इस साल फ्रांस में हुई गोलीबारी की बड़ी घटनाएं

9 मई, विलर्स एन आथीर्स: एक पुलिस अधिकारी ने अपनी पूर्व पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद खुद को गोली मार ली। **11 मई, नीस:** प्लेस डेस अमरीलिस में गाड़ी से की गई गोलीबारी में 2 लोगों की मौत हुई और 6 अन्य घायल हुए। **26 मई, ग्रेनोबल:** चलती गाड़ी से हुई गोलीबारी में 1 व्यक्ति की मौत और 3 लोग घायल हुए। **17 जुलाई, कारकासोन:** एक कार से की गई फायरिंग में 1 महिला की मौत हुई और 4 लोग घायल हुए। **30 अगस्त, मार्सिले:** ड्राइव-बाय शूटिंग में 1 की मौत हुई और 4 अन्य लोग घायल हुए। **6 सितंबर, कायेन, फ्रेंच गयाना:** एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में 4 लोग घायल हुए। पिछले हफ्ते दुकानों में लूटपाट और इमारतों में आगजनी हुई थी 17 अक्टूबर को फ्रांस के पेरिस समेत कई शहरों में महंगाई और सरकारी नीतियों के खिलाफ बड़े प्रदर्शन हुए थे। शुरूआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण थे, लेकिन बाद में कई जगह हिंसा फैल गई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने दुकानों में लूटपाट की, पुलिस से भिड़ गए।

यूरोप में गर्मी से इस साल रिकॉर्ड 50 हजार मौतें

65% मौतों की वजह क्लाइमेट चेंज, 2022 से 71% ज्यादा; 854 शहरों पर स्टडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूरोप



यूरोप में इस साल जून से अगस्त के बीच भीषण गर्मी के कारण 50,391 लोगों की मौत हुई। इनमें 32,619 मौतों के लिए जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) को जिम्मेदार माना गया है। कोयला, तेल और गैस जलाने से बढ़ते वैश्विक तापमान ने गर्मी को और जानलेवा बना दिया।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने यूरोप के 854 शहरों के तापमान और मौतों के आंकड़ों का अध्ययन कर यह अनुमान लगाया। इन शहरों में यूरोप की करीब 40% आबादी रहती है। 2022 की तुलना में इस बार गर्मी से होने वाली मौतें 71% बढ़ गईं। उस साल 29,480 लोगों की जान गई थी।

सबसे ज्यादा मौतें इटली, फ्रांस, स्पेन और जर्मनी में हुई हैं। गर्मी से 20 से 44 साल के 800 से ज्यादा लोगों की भी मौत हुई। अकेले 17 जून से 1 जुलाई के बीच करीब एक-तिहाई मौतें हुईं। इस दौरान तापमान सामान्य से 5.3त्उ ज्यादा था।

शोधकताओं के मुताबिक, मई की हीटवेव को शामिल नहीं किए जाने के कारण वास्तविक मौतों का आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यूरोप का बुनियादी ढांचा इतनी भीषण गर्मी से निपटने के लिए तैयार नहीं है। जर्मनी में गर्मी की वजह से रेलवे ट्रैक पिघलकर उखड़ने लगे थे। कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था। ट्रेनों के अउ भी काम करना बंद कर दिए थे।

यूएनईपी की एमिशन्स गैप रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा नीतियां जारी रहीं तो अगले 75 वर्षों में धरती औद्योगिक युग से पहले के मुकाबले 2.8 डिग्री ज्यादा गर्म हो सकती है। वादे पूरे हुए तो भी संकटः सभी देशों के घोषित जलवायु लक्ष्य पूरे होने पर भी तापमान वृद्धि 2.6 डिग्री रह सकती है। नेट जीरो के वादे भी पूरे हुए तो 2.1 डिग्री तक सीमित रह सकती है। तापमान वृद्धि को इस सीमा के भीतर रखना अब संभव नहीं। इससे हीटवेव, बाढ़, सूखे और बर्फ पिघलने का खतरा बढ़ेगा। दुनिया ने 2025 में 58.4 अरब टन ग्रीनहाउस गैसें छोड़ीं। उत्सर्जन लगभग स्थिर रहा, पर कोयला, तेल-गैस से कार्बन उत्सर्जन बढ़ा।

बांग्लादेश की जेलों में करीब 250 भारतीय कैदी फंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/ढाका

बांग्लादेश की जेलों में 238 भारतीय कैदी बंद हैं। इनमें 168 ऐसे हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन वे अब तक भारत नहीं लौट पाए हैं। इनमें से कई कैदियों की भारतीय नागरिकता साबित नहीं हुई है। बांग्लादेश सरकार ने करीब 120 कैदियों की सूची भारत को भेजी और कहा कि ये लोग भारतीय हैं। लेकिन भारतीय हाई कमीशन के मुताबिक, सूची में ज्यादातर कैदियों की जानकारी अधूरी है। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, वहां 15 देशों के कम से कम 407 विदेशी कैदी बंद हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय हैं। हालांकि, ढाका में भारतीय हाई कमीशन के एक अधिकारी ने अखबार को बताया कि अब तक सिर्फ 25 ऐसे भारतीय कैदियों की पहचान हो पाई है, जो सजा पूरी होने के बाद भी जेल में बंद हैं। जिन कैदियों की जानकारी अधूरी है भारतीय हाई कमीशन ने उनसे मिलने की अनुमति मांगी है।

लड़की बोली- प्रेमी के बिना नहीं जी सकती, मुंबई से बॉयफ्रेंड ने फोन पर कहा- कबूल है

बहराइच में मोबाइल टावर पर हुई शादी, लड़का मुंबई में नौकरी करता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बहराइच



बहराइच में शुक्रवार सुबह बॉयफ्रेंड से शादी करने के लिए लड़की मोबाइल टावर पर चढ़ गई। परिवार और गांववालों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन लड़की नीचे नहीं उतरी। बेटी की जिद के आगे घर वालों ने हार मान ली। मस्जिद से काजी को बुलाकर लड़के-लड़की का ऑनलाइन निकाह कराया गया।

लड़का मुंबई में नौकरी करता है। काजी ने उसे फोन करके निकाह कुबूल करवाया। इसके बाद टावर पर चढ़ी लड़की को फोन करके उसे निकाह कुबूल करवाया गया। लड़की को जब भरोसा हो गया कि उसका निकाह हो गया, तब वह नीचे उतरी। 3 घंटे से ज्यादा ड्रामा चलता रहा। मामला जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर मोतीपुर इलाके का है बसथनवा गांव के अलग-अलग मोहल्ले में फखरुद्दीन उर्फ नूरुद्दीन (21) और साहिबा बेगम उर्फ महक (19) रहते हैं। दोनों के घरों के बीच की दूरी 1 किमी है। 5 महीने से दोनों का अफेयर चल रहा था, लेकिन घर वाले शादी के लिए तैयार नहीं थे। दो महीने पहले नूरुद्दीन नौकरी के लिए मुंबई चला गया था।

नूरुद्दीन के परिवार में पिता फारुख, मां और दो भाई हैं। परिवार खेती-किसानी और मजदूरी करता है। वहीं, महक के पिता रईस अहमद की मौत हो चुकी है। उसकी मां हसमतुन्निशा ही मजदूरी से बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। उन्होंने बेटी को शादी के लिए मना कर दिया था। लेकिन मां की डांट के बाद भी महक नूरुद्दीन से बात करती रही।

मां से बहस के बाद टावर पर चढ़ गई

शुक्रवार सुबह भी महक की अपनी मां से शादी को लेकर बहस हुई। इसके बाद वह घर से निकली और गांव के बाहर बने मोबाइल टावर पर चढ़ गई। गांव के लोगों ने देखा तो नीचे उतरने के लिए कहा। महक ने धमकी दी कि कोई पास आया तो कूदकर जान दे दूंगी। मुझे नूरुद्दीन से शादी करनी है। गांव वालों ने दोनों के परिजनों और पुलिस को सूचना दी।

लड़की की मां इसके बाद भी शादी के लिए राजी नहीं थी। गांव वाले लड़की और उसकी मां दोनों को समझाने की कोशिश करते रहे। महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। महक को भरोसा दिया गया कि नीचे आ जाओ लड़के को बुलाकर शादी करा दी जाएगी, लेकिन वह उतरने को तैयार नहीं हुई।

3 घंटे तक चलता रहा ड्रामा

गांव के लोगों और पुलिस के समझाने पर दोनों के निकाह कराने का फैसला लिया गया। गांव की मस्जिद से काजी को बुलाया गया। 3 घंटे के ड्रामे के बाद काजी ने टावर पर चढ़ी किशोरी को कॉल की और निकाह के बारे में समझाया। फोन पर ही लड़की से निकाह कुबूल करवाया गया।

इसके बाद मुंबई में रह रहे नूरुद्दीन को फोन करके मामले की जानकारी दी गई। उसने भी शादी के लिए रजामंदी दे दी। काजी ने उससे भी फोन पर निकाह कुबूल करवाया। लड़की को जब भरोसा हो गया कि उसका निकाह हो गया है तब वह नीचे आने के लिए तैयार हुई। महिला पुलिस कर्मियों की मदद से महक को नीचे उतारा गया। महक के नीचे आते ही मां फिर से रिश्ते के खिलाफ अड़ गईं। उन्होंने कहा कि मुझे ये रिश्ता मंजूर नहीं है। अगर लड़की फिर भी उसी लड़के के साथ रहना चाहती है तो वह घर से जा सकती है।

■ वर्ष-12 अंक-350 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अजरामरवत् प्राज्ञः विद्यामर्थं च साधयेत्।
गृहीत एव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

भावार्थ : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आने वाली है, मनुष्य ने ज्ञान और धन प्राप्त कर लिया है; लेकिन मौत ने हमारे बाल पकड़ लिए हैं, इसे समझें और धर्म का पालन करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 24 अक्टूबर, 2026

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्ष्टि।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वुद्धिः किल कामधेनुः।।

भावार्थ : संपत्ति संपत्ति को धोखा देती है, संपत्ति संपत्ति है, पैसा दूसरों को धोखा देता है, और वाचा पवित्र होती है।

सम्पादकीयम्


नियमितपरीक्षणम्ः

बृहत्संख्या : राष्ट्रिय परिवारस्वास्थ्यसर्वेक्षण-५ इत्यस्य आँकडानुसारं ३० तः ४९ वयसः विवाहिताः महिलाः प्रायः १४.७% रजोनिवृत्तिपदे आसन् नगरकेन्द्रापेक्षया ग्राम्यक्षेत्रेषु एषः अनुपातः अधिकः आसीत्। एते आँकडाः विशालसंख्याकानां महिलानां कृते रजोनिवृत्तिसम्बद्धानां स्वास्थ्यसेवासेवानां आवश्यकतां प्रकाशयन्ति। नियमितपरीक्षणम्ः अस्मिन् वयसि उच्चरक्तचापः, मधुमेहः, हृदयरोगः, अस्थिदुर्बलता, मानसिकस्वास्थ्यविषयाणि इत्यादीनां स्थितीनां नियमितपरीक्षणं अत्यावश्यकम् समये एव पत्ताङ्गीकरणं गम्भीररोगाणां प्रकोपं न्यूनीकर्तुं चिकित्साव्ययस्य न्यूनीकरणे च सहायकं भवितुम् अर्हति। एतेन महिलानां स्वास्थ्यं जीवनस्य गुणवत्ता च अपि सुदृढं भविष्यति। भारतीय रजोनिवृत्तिसङ्घस्य २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्गदर्शिकाः अपि एतत् बोधयन्ति यत् स्वास्थ्यपरीक्षणाय रोगनिवारणाय च एषः अवधिः महत्त्वपूर्णः अस्ति। अवधानस्य अभावः भारते एषः विषयः विशेषतया महत्त्वपूर्णः अस्ति यतोहि अत्र रजोनिवृत्तिः तुल्यकालिकरूपेण अल्पवयसि भवति, तथा च एतत् गच्छन्तीनां महिलानां संख्या निरन्तरं वर्धमाना अस्ति। तदपि सर्वकारीयस्वास्थ्यसेवाः अस्मिन् विषये पर्याप्तं ध्यानं न ददति। स्त्रियाः अपि जागरूकतायाः अभावः अस्ति; अधिकांशः तत् वृद्धावस्थायाः सामान्यं भागं मन्यते, केवलं तत्सम्बद्धानि असुविधानि सहते। शल्यक्रियायाः प्रभावः केचन कनिष्ठाः महिलाः अण्डकोषस्य शल्यक्रियायाः अनन्तरं रजोनिवृत्तिसदृशानि लक्षणानि प्रदर्शयन्ति। एतादृशानां महिलानां सहायार्थं लखनऊ-नगरस्य क्वीन्-मेरी-अस्पताले रजोनिवृत्ति-चिकित्सालये चाल्यते।

एआई इत्यस्य उपयोगेन साधनरूपेण उपयोगेन पूर्णतया

एआई द्वारा उत्पन्नं गीतं भवितुं च भेदः अस्ति यथा, कश्चन कलाकारः गीतस्य, रागस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



अत्रैव पारदर्शितायाः आवश्यकता उत्पद्यते। यदि गीतं एआइ-उपयोगं सूचयति लेबलं वहति तर्हि श्रोतारः तस्य निमार्णं कथं जातम् इति अन्वेषणं प्राप्नुवन्ति, येन ते शृण्वन् अधिकसूचितनिर्णयान् कर्तुं शक्नुवन्ति एकं प्रमुखं भेदं ज्ञातुं अपि महत्त्वपूर्णम् अस्ति यत् गीतस्य निर्माणकाले एआइ इत्यस्य उपयोगेन साधनरूपेण उपयोगेन पूर्णतया एआइ द्वारा उत्पन्नं गीतं भवितुं च भेदः अस्ति यथा, कश्चन कलाकारः गीतस्य, रागस्य, स्वरस्य च रचनां कर्तुं शक्नोति, केवलं रिकार्डिङ्ग अथवा सङ्गीतव्यवस्थायै एआइ इत्यस्य उपयोगं करोति। तद्विपरीतम्, मुख्यतया जननात्मक-एआइ-माध्यमेन सङ्गीतस्य एकः भागः निमार्तुं शक्यते स्म।

अस्य कारणात् विशिष्टानि लेबलानि-यथा एआई-उत्पन्नम् वर्सेस् एआई-सहायकम्-भविष्यत्काले महत्त्वपूर्णाः भवितुम् अर्हन्ति। एते पूर्णतया एआइद्वारा निर्मितसामग्रीणां एआइ-सहाय्येन विकसितानां मानवलेखितानां कायार्णां च भेदं स्पष्टीकर्तुं साहाय्यं करिष्यन्ति। एप्पल् म्यूजिक, स्पोटिफाई, टाइडल् इत्यादीनि अपि सज्जतां कुर्वन्ति एआइ-जनितसङ्गीतस्य पहिचाने केन्द्रितः यूट्यूबः एकमात्रः मञ्चः नास्ति। इत्यस्य प्रतिवेदनानुसारं इत्यादयः अपि अस्मिन् दिशि पदानि गृह्णन्ति। एतेन ज्ञायते यत् एआइ-जनितसङ्गीतस्य परिचयः सम्पूर्णस्य सङ्गीतप्रवाह-उद्योगस्य कृते महत्त्वपूर्णः विषयः अभवत्।

एप्पल् म्यूजिकः अगस्तमासे कम्पनी घोषितवती यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य अन्ते गीतानां कृते मेड बाइ एआइ इति लेबलं प्रवर्तयिष्यति। अस्याः प्रणाल्याः उद्देश्यं श्रोतृभ्यः सङ्गीतनिर्माणप्रक्रियायाः विषये सूचनां प्रदातुं वर्तते मञ्चः एआइ-जनितानां दृश्यमानानां कलाकारानां प्रोफाइलं इति लेबलं दातुं योजनायां कार्यं कुर्वन् अस्ति। एतेन श्रोतृभ्यः कलाकारस्य परिचयस्य स्वरूपं, तस्य प्रस्तुतिस्य प्रारूपं च अवगन्तुं शक्यते।

ज्वार-भाटा : एआइ-जनित-सङ्गीतस्य लेबलिंग्-करणाय, एतादृशानां सामग्रीनां रॉयल्टी-अर्जनं निवारयितुं च कम्पनी प्रतिज्ञां कृतवती अस्ति। एषा उपक्रमः एआइ-निर्मितस्य सङ्गीतस्य, तत्सम्बद्धानां आर्थिकाधिकारानाम् अपि विषयं सम्बोधयति।

एतेषां त्रयाणां कम्पनीनां योजनाः यूट्यूबस्य उपक्रमेण सह स्पष्टं कुर्वन्ति यत् एआइ-इत्यस्य वर्धमानस्य उपयोगस्य मध्ये सङ्गीत-उद्योगः परिचयस्य पारदर्शितायाः च प्रणालीं विकसितुं प्रयतते तथापि, एते नियमाः भिन्न-भिन्न-मञ्चेषु कथं कार्यान्विताः भविष्यन्ति-तथा च कथं लेबलिंग्...एते मानकाः कियत्पर्यन्तं एकरूपाः भविष्यन्ति इति द्रष्टव्यम् अस्ति। सङ्गीतक्षेत्रस्य संस्थाः अपि मानकीकृतव्यवस्थायाः आह्वानं कुर्वन्ति। एआइ-जनितसङ्गीतस्य पहिचानस्य प्रश्नः केवलं प्रौद्योगिकीकम्पनीषु एव सीमितः नास्ति। संगीतकारानाम्, मनोरञ्जन-उद्योगस्य च प्रतिनिधित्वं कुर्वन्तः संस्थाः-यत्र ग्रेमी-पुरस्कारस्य पृष्ठतः संस्था, च-अस्य विषये अपि चिन्ता प्रकटितवती अस्ति रिपोट्-अनुसारं एतेषां संस्थानां कृते एकस्य रूपरेखायाः वकालतम् अस्ति-२०२६ तमस्य वर्षस्य ग्रीष्मकालपर्यन्तं कार्यान्वितं भविष्यति-यत् गीतानां लेबलं इति भवितुं शक्नोति उद्देश्यं श्रोतृभ्यः सूचयितुं यत् सङ्गीतस्य कश्चन भागः सम्पूर्णतया एआइ इत्यनेन निर्मितः अथवा एआइ केवलं तस्य निमार्णे सहायकभूमिकां निर्वहति वा इति।

10 लक्षस्य कथितं

रंगदारीप्रयासेन पुरुषेण आक्रमणं कृतम् अभियुक्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

नगरस्य दीक्षितपुराक्षेत्रे कथितरूपेण रंगदारीविषये विवादः शारीरिकप्रहारः अपहरणस्य प्रयासः च अभवत्। विनोदसोनी इत्यनेन दाखिलशिकायतयानुसारं गौरवसोनीः स्वगृहम् आगत्य तस्य उपरि आक्रमणं कृतवान्, तथा च–छुरीं ब्राण्डीकृत्य–१० लक्षरूप्यकाणां आग्रहं कृतवान् अभियुक्तः विनोदं बलात् स्वेन सह नेतुम् अपि प्रयतितवान् इति आरोपः अस्ति। प्रेक्षकाः हस्तक्षेपं कृतवन्तः, येन विनोदः अभियुक्तस्य ग्रहणात् पलायितुं शक्नोति स्म। घटनायाः अनन्तरं आरोपी पलायितवान्। शिकायतया आधारेण कोतवालीपुलिसः प्रकरणं पञ्जीकृत्य अभियुक्तान् गृहीतवान्।

एषा घटना केवलं उत्पीडनस्य आरोपात् परं गच्छति; आवासीयक्षेत्रेषु सुरक्षाविषये चिन्ता अपि च एतादृशविग्रहेषु प्रेक्षकाः यत् महत्त्वपूर्णां भूमिकां कर्तुं शक्नुवन्ति तत् च प्रकाशयति। उत्पीडनस्य अन्तर्निहितं प्रेरणा, विवादस्य यथार्थस्वरूपं च पुलिस-अनुसन्धानस्य अनन्तरमेव प्रकाशितं भविष्यति। विवादः पीडितायाः गृहं प्राप्नोति; अभियुक्तः छूरेण धनं याचितवान् इति कथ्यते विनोदसोनी इत्यनेन पुलिसं प्रति शिकायतया उक्तं यत् गौरवसोनी स्वनिवासस्थानं प्राप्तवान्, यत्र १० लक्षं दातुं बाध्यः सन् तस्य उपरि आक्रमणं कृत्वा छूरेण धमकी दत्ता इति कथ्यते।

प्रतिबन्धितमार्गे ट्रकः कथं प्रविष्टः इति ज्ञातुं अन्वेषणं प्रचलति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

घातितानां विविधचिकित्सालये प्रवेशः कृतः अस्ति। कलेक्टरस्य मते नवरात्रिकालस्य कृते रोड् स्टॉर्प, पुलिस चेकपोस्ट् च स्थापिताः आसन्। प्रतिबन्धितमार्गे ट्रकः कथं प्रविष्टः इति ज्ञातुं अन्वेषणं प्रचलति। ट्रकस्य तकनीकीस्थितेः परीक्षणार्थं क्षेत्रीयपरिवहनकार्यालयस्य दलमपि नियोजितम् अस्ति। एकस्य प्रत्यक्षदर्शिनः मते प्रातः १:०० वादनस्य समीपे दुर्घटना अभवत्। ट्रकः स्वस्य क्षमतायाः परं अतिभारितः आसीत्। सहसा नियन्त्रणं त्यक्त्वा वाहनं स्वमार्गे अनेकजनानाम्, दुकानानां च आघातं कृतवान्। एकः प्रत्यक्षदर्शी अवदत् यत् सः केचन जनानां स्थले एव मृताः दृष्टवान्, तस्य स्वस्य भ्रातुः अपि चोटः अभवत्।

राशिफल

मेष : दिन सामान्य रहेगा। धन खर्च सोच-समझकर ही करें। कन्फ्यूजन रहेगी। मानसिक तनाव रहेगा।

वृषभ : दिन अच्छा रह सकता है। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।

मिथुन : जीवन में नई पॉजिटिव एनर्जी आएगी। जिससे आप कोई भी फैसला बुद्धिमानी से लेने में सक्षम होंगे।

कर्क : आज आपको कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। कार्यों के प्रति लगन और समर्पण से करियर में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

सिंह : दिन अच्छा रह सकता है। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी।

कन्या : जीवन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। आपके लिए यह समय पॉजिटिव रहेगा। लव लाइफ अच्छी रहेगी।

तुला : थोड़ा सावधान रहें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव है। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। धन हानि के संकेत हैं।

वृश्चिक : जीवन में नए मौके मिलेंगे। लव लाइफ में नए रोमांचक मोड़ आएंगे। नए कनेक्शन बनेंगे।

धनु : मिलेजुले परिणाम मिलेंगे। आपको अपने रिश्तों पर अधिक ध्यान दें। रिश्तों को बेहतर बनाने की जरुरत है।

मकर : कार्यों के अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। नए प्रोजेक्ट या लक्ष्यों को हासिल करने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

कुंभ : जीवन में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। धैर्य से काम करने से सभी बाधाओं से पार हो जाएंगे।

मीन : आज का दिन सुखमय रहेगा। आर्थिक स्थिती अच्छी होगी। करियर के लिए समय अच्छा रहेगा।

1 अक्टूबर तक चलेगा, भारत के मैच यूएई में कराने की तैयारी

पाकिस्तान में 7 सितंबर से शुरू होगा महिला टी-20 वर्ल्डकप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

पाकिस्तान में 7 सितंबर से 1 अक्टूबर 2028 तक महिला टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। 12 टीमों के इस टूर्नामेंट की मेजबानी पहली बार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मिली है।

पाकिस्तान चाहता है कि भारत के मुकाबलों को छोड़कर टूर्नामेंट के बाकी मैच उसके यहां हों। भारत के मैच वअए में कराए जा सकते हैं। इसकी वजह भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक तनाव और क्रुउ का हाइब्रिड मॉडल है।

भारत के मैच वअए में क्यों हो सकते हैं- भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण दोनों देशों की टीमें 2012 के बाद से एक-दूसरे के यहां द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलतीं। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आईसीसी ने 19 दिसंबर 2024 को हाइब्रिड मॉडल की पुष्टि की थी। इसके तहत, जब भारत या पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करता है, तो दूसरे देश के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर कराए जाते हैं।



इस व्यवस्था का पहला बड़ा उदाहरण 2025 चैंपियंस ट्रॉफी रही। पाकिस्तान मेजबान था, लेकिन भारतीय टीम ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। भारत ने फाइनल भी दुबई में ही जीता।

यूएई भारत के मैचों के लिए संभावित विकल्प है। पाकिस्तान से दुबई की कम दूरी के कारण खिलाड़ियों की यात्रा, होटल और परिवहन के इंतजाम आसान हो सकते हैं। इससे आयोजन का खर्च भी कम होता है।

मेंस चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में हुई थी। हालांकि भारत ने अपने सभी मैच वअए में खेले थे। तस्वीर में भारत और पाकिस्तान का मैच है। टीम इंडिया ने इसे 6 विकेट से जीता था।

मेंस चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में हुई थी। हालांकि भारत ने अपने सभी मैच वअए में खेले थे। तस्वीर में भारत और पाकिस्तान का मैच है। टीम इंडिया ने इसे 6 विकेट से जीता था।

भारत नॉकआउट में पहुंचा तो क्या होगा- भारत महिला क्रिकेट की मजबूत टीमों में शामिल है। इसलिए टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों के वेन्यू तय करते समय भारत के सेमीफाइनल या फाइनल तक पहुंचने की संभावना को भी ध्यान में रखना होगा। रिपोर्टों के मुताबिक, पीसीबी अधिकारी ने कहा है कि अगर भारत फाइनल में नहीं पहुंचता है, तो खिताबी मुकाबला लाहौर में कराया जा सकता है।

12 टीमों के टूर्नामेंट में 10 स्थान तय

2028 महिला टी20 वर्ल्ड कप में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें से आठ टीमों ने 2026 महिला टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में अपने प्रदर्शन के आधार पर जगह पक्की की। ये टीमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और श्रीलंका हैं। मेजबान होने के कारण पाकिस्तान को सीधी जगह मिली है। आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में तय कट-ऑफ तारीख पर आयरलैंड ने भी स्थान हासिल किया। बाकी दो टीमें 10 टीमों के ग्लोबल क्वालिफायर से आएंगी।


पहलगाम हमले के बाद क्रिकेट में भी बढ़ी दूरी

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव नया नहीं है, लेकिन अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद हालात और बिगड़ गए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों की जान गई थी। भारत ने इसके बाद मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की। दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव भी बढ़ा। इसका असर क्रिकेट पर भी दिखाई दिया। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में हाथ मिलाने की परंपरा भी विवाद का विषय बन गई। सितंबर 2025 में यूएई में हुए पुरुषों के एशिया कप में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस के समय हाथ नहीं मिलाया।

ज्योतिष/वास्तु

मंगल का अश्लेषा नक्षत्र में गोचर

इन राशि के लोगों का पलटेगा समय, करियर में दिखेगा बड़ा बदलाव



मंगल अश्लेषा नक्षत्र में विराजमान हैं और 12 नवंबर तक यहीं रहेंगे। ज्योतिष के अनुसार, इस गोचर से कुछ राशि वालों को करियर, व्यापार और आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है।

ग्रहों के सेनापति मंगल इस समय अश्लेषा नक्षत्र में विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल इस नक्षत्र में 12 नवंबर 2026 तक रहेंगे। अश्लेषा नक्षत्र के स्वामी बुध हैं, जिन्हें मंगल का मित्र ग्रह माना जाता है। ऐसे में मंगल के इस नक्षत्र में रहने से कुछ राशि के जातकों के लिए समय अनुकूल साबित हो सकता है। इस दौरान व्यापार, करियर और भूमि से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के योग बन सकते हैं। साथ ही, लंबे समय से अटके काम गति पकड़ सकते हैं और नए अवसरों से लाभ मिलने की संभावना है। खासतौर पर तीन राशि के जातकों पर किस्मत मेहरबान रह सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मंगल के अश्लेषा नक्षत्र में गोचर से किन राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

मिथुन राशि- मिथुन राशि वालों के लिए मंगल का यह गोचर शुभ परिणाम लेकर आ सकता है। भाग्य का साथ मिलने से करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। इस समय भाग्य आपका पूरा साथ देगा। नौकरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार से जुड़ी किसी बड़ी योजना पर काम शुरू हो सकता है और घर-परिवार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी राहत मिलने के संकेत हैं। इस दौरान सोच-समझकर लिए गए फैसले भविष्य में लाभ दिला सकते हैं।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि वालों के लिए यह समय लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। भाग्य का साथ मिलने से आर्थिक लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कोई अपना जीवन में बड़ी खुशियां लेकर आ सकता है। इस दौरान नई योजनाओं पर काम करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। व्यापार में आपको मनचाही सफलता मिलेगी।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए मंगल का यह गोचर तरक्की के नए रास्ते खोल सकता है। नए लोगों से संपर्क बनाने और उनके साथ मिलकर काम करने से लाभ के अवसर मिल सकते हैं। घर-परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और लगन की सराहना हो सकती है। साथ ही, किसी महत्वपूर्ण काम में बड़ी सफलता मिलने के योग बन सकते हैं।

वैभव का आज खेलना तय, भारत-न्यूजीलैंड दूसरा मुकाबला

पाकिस्तान के बाद 300 टी-20 मैच खेलने वाली दूसरी टीम बनेगी इंडिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ क्राइस्टचर्च

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज खेला जाएगा। मैच क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम पिछला मैच जीतकर सीरीज में 1-0 से आगे है।

इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का खेलना तय है। इसकी वजह ईशान किशन का चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो जाना है। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने भी प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में सूर्यवंशी के खेलने के संकेत दिए हैं। भारत का यह 300वां टी-20 मैच होगा। टीम यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया की दूसरी टीम बनेगी। पाकिस्तान 304 मैचों के साथ पहले स्थान पर है। साथ ही भारत अगर यह मुकाबला मुकाबला जीतता है, तो 200 टी-20 जीतने वाला पहला देश बन जाएगा।

सूर्यवंशी ओपन करेंगे या नंबर-3 पर खेलेंगे- सूर्यवंशी के खेलने पर सबसे बड़ा सवाल होगा कि वे ओपन करेंगे या ईशान की नंबर-3 पोजिशन पर खेलेंगे। एशियन गेम्स में



भारत ने अभिषेक, सैमसन और सूर्यवंशी तीनों को एक साथ खिलाया था। तब सूर्यवंशी ने ओपन किया था और सैमसन नंबर-3 पर खेले थे। हालांकि सैमसन ने पिछले मैच में ओपन करते हुए 33 गेंद पर 67 रन बनाए थे। ऐसे में टीम शायद सूर्यवंशी को नंबर-3 पर भेज सकती है।

न्यूजीलैंड के टॉप टी-20 प्लेयर्स- न्यूजीलैंड के लिए 2026 में टिम सइफर्ट ने 14 मैचों में सबसे ज्यादा 453 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 164.13 रहा। गेंदबाजी में कप्तान मिचेल सैंटनर ने 17 मैचों में 14 विकेट लिए। उनकी इकोनॉमी 7.89 रही। पिछले मैच में भी उन्होंने 2 विकेट चटकाए थे।

हेगले ओवल में रनचेज आसान- हेगले ओवल में पहले टी-20 के दौरान 450 से ज्यादा रन बने थे। पिच की शुरूआत में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिल सकती है, लेकिन बाद में बल्लेबाजी आसान होने की उम्मीद है। क्राइस्टचर्च में मैच के समय तापमान कम रह सकता है। ओस के कारण टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी चुन सकती है।

भारत का पलड़ा भारी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 32 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें भारत ने 20 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड को 11 मैचों में जीत मिली है। एक मुकाबला टाई रहा है।

अभिषेक शर्मा इस साल हजार रन पूरा करने से 15 रन दूर- ईशान के बाद अभिषेक शर्मा इस साल भारत के टॉप रन स्कोरर रहे हैं। अभिषेक ने 35 मैचों में 202.67 की स्ट्राइक रेट से 985 रन बनाए हैं। उन्होंने पहले मैच में भी 12 गेंद पर 29 रन बनाए थे। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 28 मैचों में 36 विकेट लिए हैं। उनके अलावा भुवनेश्वर कुमार से भी

आयुष ने जांघ के पिछले हिस्से की सर्जरी कराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने दाईं जांघ के पिछले हिस्से (हैमस्ट्रिंग) की सर्जरी कराई है। वे करीब 2-3 महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे। 19 साल के आयुष 11 अक्टूबर को रणजी ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ रन लेने के दौरान चोटिल हो गए। वे मुंबई की रणजी टीम के उपकप्तान भी हैं।

मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में गुरुवार को उनकी सर्जरी हुई। इउउक के एक सूत्र के मुताबिक, सर्जरी डॉ. दिनशॉ पाडीवाला ने की। सूत्र ने बताया कि सर्जरी सफल रही है। म्हात्रे अच्छी तरह रिकवर कर रहे हैं और शुक्रवार सुबह बैसाखी के सहारे धीरे-धीरे चलना भी शुरू कर दिया। यह म्हात्रे का आईपीएल के दौरान बाईं हैमस्ट्रिंग में लगी चोट के बाद पहला मैच था। उन्हें 18 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए चोट लगी थी। बाईं हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद म्हात्रे ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तीन महीने बिताए थे। वहां उनका इलाज और रिहैबिलिटेशन हुआ।

खबर एक नजर...

जमीन विवाद में मारपीट करने वाले को 2 साल की सजा

उज्जैन। जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने और पूरे पैसे लेने के बाद भी शुरू हुये विवाद में जेसीबी मशीन की सुपाड़ी से हमला करने वाले आरोपी लक्ष्मणसिंह बंजारा निवासी ग्राम भीलखेड़ा चौकी पानबिहार थाना घट्टिया को नवम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 2 साल की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र खाण्डेगर ने बताया कि भैरूलाल ने आरोपी लक्ष्मण बंजारा से आठ बीघा जमीन का 8 लाख 50 हजार रुपये में सौदा किया था। इसके लिए 29 अगस्त 2016 को पूरी राशि देकर तीन महीने में रजिस्ट्री कराने का करार हुआ था। आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 3 अगस्त 2017 को भैरूलाल मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। आरोपी अपनी जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 13 डीए 0731 लेकर पहुंचा। उसने भैरूलाल को रोककर गाली-गलौज की। जमीन की मांग करने पर आरोपी ने जेसीबी की सुपाड़ी से उस पर हमला कर दिया। इससे भैरूलाल की दाहिनी जांघ और दाहिने हाथ में चोटें आईं और वह मौके पर गिर पड़ा। घटना के दौरान संजय कुमावत, संजय मालवीय सहित अन्य लोग भी वहां पहुंच गए। आरोपी ने जमीन का नाम लेने पर जान से खत्म करने की धमकी दी और भाग निकला था। भैरूलाल की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने मामले में मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन जांच के बाद गंभीर चोंट होने पर धारा 325 बढ़ाई गई। पुलिस ने मामले में प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था। लम्बी चली सुनवाई के बाद आरोपी को सजा सुनाई गई है। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी हार्दिक देवकर ने पैरवी की।

एमडी ड्रग्स मामले में दूसरा आरोपी रिमांड पर



उज्जैन। सर्कल भ्रमण के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने 19 अक्टूबर की रात गरोठ ब्रिज सर्विस रोड से कार क्रमांक एमपी 70 झेड बी 3948 में सवार सुरेश सिंह पिता कालूसिंह 28 वर्ष, निवासी ग्राम नारेला, थाना बड़ोद जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 21 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। आरोपी को रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में उसने अपने ही गांव के दिलीपसिंह चौहान से ड्रग्स लेना कबूल किया था। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने एक टीम दिलीप की तलाश में आगर रवाना की। जहां से उक्त आरोपी भी हिरासत में आ गया। जिसे उज्जैन लाने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे पूछताछ के लिये एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। उसने एक अन्य आरोपी का नाम बताया है। जिसकी तलाश में एक टीम रात को रवाना की गई है। पूर्व में गिरफ्तार किये गये सुरेशसिंह का रिमांड खत्म होने पर उसे शुक्रवार केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में मादक पदार्थ से जुड़े अन्य आरोपियों की चेन भी पुलिस को मिल सकती है, जो धार्मिक नगरी उज्जैन में ड्रग्स सप्लाय का काम कर रहे है।

मकान पर कब्जा लेने पहुंचे बैंक मैनेजर से मारपीट

उज्जैन। क्षीरसागर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर सौरव पिता संजय कुमार न्यायालय से मिले आदेश के बाद गिरीराज रतन कालोनी में मकान पर कब्जा लेने पहुंचे थे। मकान में रहने वाले कमलसिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक द्वारा किये जा रहे कब्जे का विरोध किया और बैंक मैनेजर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बैंक मैनेजर की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने कमलसिंह और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने बैंक से लोन लिया था, लेकिन लम्बे समय से किश्त जमा नहीं कर रहा था। मामला न्यायालय में पहुंचा था, जहां से बैंक को कब्जे के आदेश मिल गये थे।

चालक की लापरवाही से हुई थी मजदूर युवक की मौत

उज्जैन। खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम खेड़ावदा में 26 सितंबर को जीतू पिता लालू खराडी 45 साल की हादसे में मौत होना सामने आया था। जीतू ट्रेक्टर-ट्राली में बैठा था, जिसकी गिरने पर जान चली गई थी। उसे रतलाम अस्पताल ले जाया गया था। मर्ग डायरी मिलने पर जांच शुरू की गई थी। इस दौरान सामने आया कि मृतक मजदूर था और कृष्णा कलौता निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ की ट्रेक्टर-ट्राली में बैठकर मजदूरी पर जा रहा था। कृष्णा ने ट्रेक्टर तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ब्रेक लगाये थे, ट्राली में बैठा जीतू गिरने के बाद पहिये की चपेट में आ गया था। जांच पूरी होने पर ट्रेक्टर चालक कृष्णा के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। ट्रेक्टर-ट्राली जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

दिन	359-7	247-3
मेन बाजार	240-6	380-1
मिलन डे	145-0	900-9
मिलन नाइट	350-8	567-8

1 5 6

वर्ष 2017 में 24 माह के अनुबंध पर किया जाना था काम

सीवरेज का काम 8 साल बाद भी 68 प्रतिशत

शहर में 438 करोड़ की लागत से 450 किलोमीटर लाईनें डाली जाना थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सीवरेज की लाइन बिछाने का काम वर्ष 2017 में अनुबंध के आधार पर 2 वर्ष में पूर्ण किया जाना था। इसके एवज में 8 साल बाद भी यह काम मात्र 68 फीसदी ही हो सका है। सीवरेज की निकासी के लिए इसमें शहर भर में 450 किलोमीटर लंबी लाईनों को डाला जाना था। यह ठेका 438 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर दिया गया था। 8 साल बाद भी इस काम में मात्र 317.08 किलोमीटर की सीवर लाईन ही बिछाई जा सकी है।

सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर उज्जैन शहर में सीवरेज का काम तेजी से चल रहा है। फेज वन में 445.17 किलोमीटर में से लगभग 317.58 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क बिछाया जा चुका है। साथ ही 11213 मेनहोल, 105808 हाउस सर्विस चैंबर और 8373 हाउस कनेक्शन पूर्ण कर लिए गए हैं। राइजिंग मेन लाइन बिछाने का काम भी तेजी से चल रहा है, 2.5 किलोमीटर लाइन बिछाई जा चुकी है। यही नहीं सड़कों के रेस्टोरेशन का काम भी चल रहा है, 294.79 किलोमीटर सड़क ठीक कर दी गई है।

फैक्ट फीगर-

- शहर में 317.88 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई गयी
- सीवर लाइन के कारण खुदी 294.79 किलोमीटर
- आंतरिक सड़कों को ठीक किया गया
- 8373 घरों में कनेक्शन किया
- 30 जून 2027 तक सीवरेज का काम पूरा होगा
- फिलहाल 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण

स्त्रोत-जिला जनसंपर्क की ओर से जारी नगर निगम की जानकारी के आधार पर।

10 वर्ष संचालन- प्रस्तावित कार्यों एवं संपूर्ण सीवरेज प्रणाली का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 10 वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव का कार्य भी संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जाएगा।

10 बार से ज्यादा एक्सटेंशन- इस काम को लेने वाली कंपनी के काम को गति से पूर्ण नहीं करने के मामले में अधिकारियों ने बराबर उस पर सख्ती की है। पिछले 8 सालों में कंपनी पर पेनल्टी भी लगाई गई और अन्य तरीके से भी सख्ती की गई। इसके साथ ही कंपनी को 10 बार से अधिक अब तक एक्सटेंशन दिया जा चुका है। कंपनी ने पिछले 8 सालों में सीधे तौर पर जिस गति से काम किया है उससे शहर की आमजनता को परेशानियों के दौर से ही गुजरना पड़ा है। नगर निगम के अनुसार 8373 घरों में कनेक्शन किया गया है।

एक जोन का काम हुआ,4 पूर्णता के निकट

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत किए गए सीवरेज के कार्यों में शहर में 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत डेढ़ सौ किलोमीटर सीवर नेटवर्क हाउस कनेक्शन सहित कमीशन किया जा चुका है। चकोर पार्क स्तिथ एक पंपिंग स्टेशन को छोड़कर सभी संरचनात्मक कार्य पूर्ण हो चुके हैं। परियोजना में 6 झोन शामिल है।

पुलिस टीम पर हमला करने वाले का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





पड़ोसी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पहुंची उन्हेल पुलिस टीम पर आरोपी परिवार ने हमला कर दिया था। मामले में हमला करने वालों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया था। शुक्रवार को हमले का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसका जुलूस निकाला गया। पूर्व में 2 महिला गिरफ्तार हो चुकी थी।

उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम नागझिरी में बंजारा परिवार के 2 पक्षों में 8 दिन पहले विवाद हो गया था। कंचनबाई पति भावसिंह बंजारा ने पुलिस को पड़ोसी सरदार बंजारा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सरदार बंजारा को तलब किया था, लेकिन वह थाने नहीं आ रहा था। 21 अक्टूबर को एसआई धारासिंह चावड़ा, आरक्षक अखिलेश यादव, पंकज खरते, विक्रम राघव और महिला आरक्षक नेहा भालसे उसके घर पहुंचे थे। उसी दौरान सरदार बंजारा ने परिवार के साथ मिलकर पुलिस पर पथराव कर दिया था और लाठी-डंडो से मारपीट की थी। एसआई धारासिंह चावड़ा घायल हो गये थे। 2 आरक्षकों को चोंट आई थी। घायल एसआई चावड़ा की शिकायत पर उन्हेल थाना पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा की धारा 132, 121(1), 191(2), 191(3), 296(बी), 351(3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया। 2 महिला आरोपियों सुगनाबाई पति सरदार बंजारा और पूजा पति बबलू बंजारा को गिरफ्तार कर लिया गया। सरदार बंजार और अन्य फरार चल रहे थे। शुक्रवार को सरदार बंजारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसका गांव में जुलूस निकाला गया और न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अब भी अवंताबाई उर्फ संगीता, माखन, राहुल, दिलीप और अन्य फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

वसूलीबाज का कोर्ट मोहल्ला में जुलूस

कोर्ट मोहल्ला में 22 अक्टूबर को रिक्शा चालक मुकेश पिता शिशुपाल जटिया निवासी नामदारपुरा से रिक्शा चलाने के एवज में अवैध वसूली की मांग करने और मारपीट करने वाले बदमाश रवि वर्मा पिता ओमप्रकाश वर्मा 35 वर्ष निवासी अपंग आश्रम के पास, कोट मोहल्ला को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ 17 अपराधिक मामले दर्ज थे। कोर्ट मोहल्ला में वह काफी समय से दादागिरी कर रहा था। लोगों के बीच से उसकी दहशत कम करने के लिये महाकाल पुलिस ने उसका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर अपराध नहीं करने की बात बोलता रहा। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने में एसआई के. के. मालवीय, प्रधान आरक्षक प्रकाश अलावा, आरक्षक शशांक और अरुण की भूमिका रही।

बेटी स्कूल से लौटी तो फंदे पर लटके मिले पिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फैक्ट्री से मजदूरी काम छोड़ने के बाद बेरोजगार घूम रहे युवक ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। बेटी स्कूल से लौटी तो उसने पिता को फंदे पर लटका देखा। घटना के समय युवक घर पर अकेला था।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर रहने वाला जितेन्द्र पिता मदनलाल मालवीय 40 साल क्षेत्र की उद्योगपुरी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी नागझिरी स्थित फैक्ट्री में काम करती है। जितेन्द्र ने कुछ माह पहले काम छोड़ दिया था और बेरोजगार हो गया था। वह दिनभर घूमता रहता था और नशा कर लेता था। शुक्रवार को पत्नी काम पर चली गई थी, वहीं बेटी भी स्कूल गई थी। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर बेटी घर लौटी तो उसने पिता को घर के कमरे में वेंटिलेशन पर लटका देखा। बेटी पंवासा थाने पहुंची और पुलिस को सूचना दी। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। पत्नी भी काम से लौट आई थी, फिलहाल फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि आर्थिक परेशानी और नशे की वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

रात में एक युवक ने लगाई थी फांसी- पंवासा थाना क्षेत्र के मैत्रीकुंज कालोनी में गुरूवार रात अरूण पिता रामचंद्र 43 साल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने उसे किराना दुकान में लटका देखकर सूचना दी थी। घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया था कि मृतक अरूण के परिवार में कोई नहीं था, वह अकेला रहता था। संभवतः अकेलेपन की वजह से उसने मौत को गले लगाया है। रिश्तेदारों के आने पर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया।

कैमरे में भागती दिखी महिला निकली बेग चोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कैमरों की मदद से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर नजर रख रही आरपीएफ टीम को बेग लेकर भागती महिला दिखाई दी। शंका होने पर तत्काल टीम को अलर्ट किया गया। महिला को पकड़ा गया तो वह बेग चोर होना सामने आई। आरपीएफ ने विवेचना के लिये महिला को जीआरपी के सुपुर्द किया है।

आरपीएफ से मिली जानकारी अनुसार रेल मदद रिफ्रेंस नम्बर पर मिली सूचना के बाद एएसआई महेश गोरसिया द्वारा सीसीटीवी कैमरों से प्लेटफार्म पर नजर रहे प्रधान आरक्षक गोपाल राणावत ने प्लेटफार्म नम्बर 4 पर महिला को बेग लेकर भागते देखा। तत्काल प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह हाड़ा, मनीराम मीणा, आरक्षक लखनलाल सैनी और नंदसिंह राव को अलर्ट किया। टीम ने महिला का पीछा किया और उसे रोक लिया। महिला काफी घबरा गई थी। उसे आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां महिला आरक्षक प्रतिभा शर्मा ने महिला से पूछताछ शुरू की, उसका नाम गीताबाई पति कमलकिशोर नायक 43 वर्ष, निवासी राम मंदिर मोहल्ला परसूलिया कला गेलाना, आगर मालवा सामने आया। बेग की तलाशी लेने पर उसमें एक हजार रुपए नगद और एक सैमसंग कंपनी का मोबाईल मिला। सख्त पूछताछ करने पर उसने सवारी गाड़ी संख्या 19303 इंदौर-भोपाल के कोच एस-4 से बैग को चोरी करना कबूल कर लिया। आरपीएफ पोस्ट से महिला चोर के पकड़ाने पर जीआरपी को सूचना दी गई। जीआरपी द्वारा जिस यात्री का बेग चुराया गया था, उससे संपर्क कर आगे की विवेचना की जा रही है।

साइबर ठगों ने फिर 2 खातों से निकाले 3.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डिजीटल क्रांति के युग में ऑनलाइन ठगी के मामलों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर 2 लोगों के खातों से 3.50 लाख निकाल लिये गये। साइबर हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि देसाईनगर में रहने वाले हितेश पिता अशोक अखंड के साथ 18 अक्टूबर को ऑनलाइन धोखाधड़ी होने का प्रकरण दर्ज किया गया है। हितेश के अनुसार उसने किसी को नाम तो ओटीपी बताया था ना ही पासवर्ड और जानकारी दी थी। बावजूद के खाते से एक बार में 50 हजार और दूसरी बार में 49 हजार 999 रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया। पुलिस के अनुसार साइबर हेल्पलाइन पर हुई शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की गई है। दूसरा धोखाधड़ी का मामला नानाखेड़ा स्थित वेदा अस्पताल के सामने बसंत विहार में रहने वाले देवेन्द्र पिता शिवदयाल राय के साथ हुआ। उनके खाते से अलग-अगल 6 ट्रांजेक्शन हुये और 2 लाख 55 हजार से अधिक की राशि निकाल ली गई। मामले में नानाखेड़ा पुलिस ने हेल्पलाइन पर दर्ज हुई शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज किया है। विदित हो कि पिछले 2 से 3 माह में जिले में करीब 80 से अधिक लोगों के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले सामने आ चुके है। साइबर ठगों ने उज्जैन जिले के लोगों को अपने निशाने पर ले रखा है। वह हर दिन किसी ना किसी के खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर रहे है। साइबर हेल्पलाइन पर तत्काल शिकायत होने पर राशि को होल्ड कराया जा रहा है जिसके चलते धोखाधड़ी करने वाले राशि निकाल नहीं पा रहे है और लोगों के खातो में वापस आ रही है।

दिल्ली की महिला ने लगाया वीडियो बनाने का आरोप

उज्जैन। महाकल मंदिर के पास माधव सेवा न्यास के भक्त निवास में ठहरी दिल्ली की महिला श्रद्धालु ने मोबाइल से एक युवक द्वारा उसका मोबाइल बनाने का आरोप लगाया और लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की महिला श्रद्धालु परिवार के साथ गुरूवार को धार्मिक यात्रा पर आई थी। परिवार ने भक्त निवास के डॉरमेट्री में ठहरी थी। रात 8 बजे के लगभग वह बाथरूम गई थी, उसी दौरान एक युवक द्वारा मोबाइल से उसका वीडियो बनाया गया। महिला की नजर बाथरूम की खिड़की पर दिखे मोबाइल पर पड़ी तो उसके द्वारा शोर मचाया गया। भक्त निवास का कर्मचारी युवक भागता दिखाई दिया। मामले का पता चलते ही परिवार भी सामने आ गया। रात में मामला महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचा। महिला ने लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। महिला का कहना था कि युवक ने बाद में वीडियो डिलीट कर दिया था। मामला गंभीर होने पर माधव सेवा न्याय के कुछ लोग भी थाने पहुंचे थे। घटना का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कही गई। पुलिस ने शुक्रवार को कैमरों के फुटेज देखे लेकिन कुछ सामने नहीं आ पाया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि महिला ने शंका जताई कि उसका वीडियो बनाया जा रहा है। लेकिन प्रारंभिक जांच में मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला भी पुलिस जांच से संतुष्ट दिखाई दी, वह शुक्रवार को वापस लौट गई है।

उज्जैन जिले में दिवाली 2025 में 15 प्रकरण सामने आए थे

कार्बाइड गन बनाम अंधत्व का सामान खरीदना

त्यौहारों में विकृतियों के समावेश ने मजा किरकिरा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कार्बाइड गन बनाम अंधत्व का सामान खरीदने जैसा ही है। इसके अंदर का रसायन आंखों को सबसे पहले प्रभावित करता है। दीपावली के उत्साह में अंधत्व का सामान खरीदने की भूल कदापि नहीं की जाना चाहिए। डाक्टर इसे केमिकल बम मानते हैं सामान्य पटाखा नहीं। वर्ष 2025 में ही उज्जैन जिले में कार्बाइड गन से होने वाले नुकसान के 15 प्रकरण सामने आए थे। प्रदेश में उज्जैन जिला 5 वें स्थान पर था। इस बार प्रतिबंध के चलते मैदान में पुलिस एवं प्रशासन सजग है और बाले-बाले कार्बाइड गन बेचने वाले। इसके बाद भी लोग मात्र 150-200 रु, ऑनलाइन 500-2000 रु में इसे खरीद कर मुसीबत मौल लेने को तैयार हैं।

कभी चायना डोर मकर संक्रांति का मजा किरकिरा कर रही है तो कभी दीपावली में कार्बाइड गन उत्सव में जहर घोल रही है। आधुनिकता से त्यौहारों में विकृतियों का समावेश होता जा रहा है और उत्सव पर दुर्घटनाओं की स्थिति आम होने लगी है। इसी को देखते हुए हाल ही में एक बार फिर से कार्बाइड गन पर प्रतिबंध लगाया गया है। विगत वर्ष उज्जैन के 15 मामलों में से ज्यादातर में 7 से 15 साल के बच्चे शामिल थे, जिनकी आंख और चेहरे पर बर्न इंजरी हुई थी। इंदौर के एम वाय हॉस्पिटल में भी उज्जैन के किशोरों का इलाज हुआ था। दिवाली 2026 से पहले उज्जैन पुलिस ने इसे लेकर चेकिंग शुरू कर दी है और रूख भी सख्त अपनाया हुआ है।

क्या हैं कार्बाइड गन- ये मूलतः खेत में पक्षी और जानवर भगाने के लिए बनी है। किसानों के उपयोग की थी। खेतों से ऐसे पक्षी और जानवरों को इससे आवाज कर भगाया जाता है जो फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पिछले कुछ सालों से दीपावली त्योहार में खिलौने के तौर पर बिक रही है इसे पटाखा गन, पाइप गन भी कहते हैं। इसकी बनावट ढश्उ प्लास्टिक या लोहे की पाइप, पीछे गैस लाइटर का स्पार्क सिस्टम, आगे छोटा चैम्बर होता है।

डाक्टरों के अनुसार केमिकल बम- डॉक्टर इसे सीधे तौर पर इसे केमिकल बम कहते हैं वे इसे दीपावली पर उपयोग में आने वाला पटाखा नहीं मानते हैं। डाक्टरों के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड के कण कॉर्निया पर चिपक कर केमिकल बर्न करते हैं। इससे आंखों का लिंबल स्टेम सेल डैमेज, कॉर्निया जलना, रेटिना फटना, स्थायी अंधापन जैसी स्थिति निर्मित होने की स्थिति बन जाती है।

रासायनिक प्रक्रिया पर काम करती है- यह पूरी तरह से रासायनिक प्रक्रिया पर काम करती है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड + पानी = एसिटिलीन गैस + चूना बनता है। बंद पाइप में एसिटिलीन गैस भर जाती है, लाइटर से चिंगारी लगते ही जोरदार धमाका, तेज रोशनी और शॉकवेव निकलती है। पाइप फटने पर प्लास्टिक/लोहे के टुकड़े छर्रे की तरह चेहरे पर लगते हैं।

इसलिए लगाया गया प्रदेश में प्रतिबंध- मध्यप्रदेश में कार्बाइड गन का चलन 2023-24 से ही सामने आ गया था। इसके बाद भी यह बराबर बाजार में धडल्ले से विक्रय की जा रही थी। दिवाली 2025 में इससे होने वाले हादसों में एक दम से वृद्धि दर्ज की गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, विदिशा, जबलपुर में एक साथ सैकड़ों केस दर्ज किए गए। सरकारी आंकड़ों में लगभग 300 लोग घायल, 186 केस अकेले भोपाल में, 56 ग्वालियर में, 50से अधिक विदिशा में, 31 लोगों की आंख में गंभीर चोट इंदौर में, 15 लोगों की सर्जरी एम्स भोपाल में हुई। इनमें ज्यादातर 3 से 14 साल के बच्चे आहत होना सामने आया। अक्टूबर 2025 में बीएनएनएस की धारा 163 के तहत इस प्रदेश व्यापी बैन लगाया गया। इसके बनाना, रखना, बेचना, खरीदना, दिखाना, इस्तेमाल करना और सोशल मीडिया पर वीडियो डालना - सब पर एफआईआर और 1 साल जेल के साथ रूपए 5 हजार आर्थिक जुमार्ना का प्रावधान किया गया। अब दिवाली 2026 से पहले फिर से सख्ती के आदेश हैं।

गुलाबी ठंड का स्वास्थ्य पर पड़ने लगा प्रभाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अक्टूबर माह के कुछ दिन शेष बचे है और गुलाबी ठंड की दस्तक शुरू हो गई। जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है। सबसे ज्यादा बच्चे सर्दी-जुखाम से प्रभावित हो रहे है।

इस बार बारिश कम होने से ठंड का आगाज देरी से होता दिखाई दे रहा है। लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से सुबह-शाम हल्की गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। गुरूवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई थी। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज हुआ। शाम ढलने के बाद हवा 6 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की चल रही थी। मौसम विभाग की माने तो नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह बाद ठंड का आगाज हो सकता है। वैसे वर्तमान में मौसम बदला दिखाई देने लगा है। रात में हल्की गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। 18 अक्टूबर तक दिन का तापमान 36 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा था। वहीं रात का तापमान भी 21-22 डिग्री बना हुआ था। इधर तापमान में आ रही कमी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव दिखाई दे रहा है। एक साल से 12 साल तक बच्चों में सर्दी-जुखाम के लक्षण दिखाई दे रहे है। ठंड का आगाज होने से पहले गर्म कपड़ों का बाजार सजा दिखाई देने लगा है। आगररोड पर तिब्बत वूलन मार्केट में दुकाने लग चुकी है। जिसका शुभारंभ जल्द हो सकता है। शहर के शॉपिंग मॉल में भी जैकेट से लेकर स्वेटर तक की वैरायटी पहुंच चुकी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com